सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 18 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 77, पेज 12, 2.00 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## कंपनियों की पूंजी 2.23 लाख करोड़ घटी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 2,23,660 करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 11

## पुतिन और छह साल तक शासन करने को तैयार

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को एकतरफा राट्रपति चुनाव संपन्न होने के बाद और छह साल तक शासन करने के लिए तैयार है। } 12

### संक्षेप

## अपराधी पीएसए के तहत गिरफ्तार

जम्मू। कुख्यात अपराधी विक्रमजीत सिंह उर्फ विक्की को यहां कठोर जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि विक्रमजीत सिंह के खिलाफ विभिन्न थानों में 15 प्राथमिकी दर्ज हैं और उसकी गिरफ्तारी के लिए कई वारंट जारी किए जा चुके थे। प्रवक्ता ने कहा कि गंग्राल थाने की एक टीम ने वांछित अपराधी के खिलाफ जारी पीएसए वारंट पर अमल करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि उसकी हिरासत जम्मू जिले में कानून व्यवस्था में सुधार की दिशा में एक और ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल 2024 का खिताब जीता

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने रविवार को यहां फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को तीन गेंद रहते आठ विकेट से हराकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे चरण का खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गयी। आरसीबी ने 19.3 ओवर में दो विकेट 115 रन बनाकर ट्राफी जीती। दिल्ली कैपिटल्स ने सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (44 रन) और कप्तान मेग लैनिंग (23 रन) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाये 64 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की। लेकिन इसके बाद टीम ने 28,781 दर्शकों के सामने महज 49 रन के अंदर सभी 10 विकेट गंवा दिये। आस्ट्रेलिया की बायें हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू (20 रन देकर तीन विकेट) ने आठवें ओवर में तीन विकेट चटकाकर दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजी क्रम के चरमराने का सिलसिला शुरू किया। इसके बाद मेजबान टीम इन झटकों से नहीं उबर सकी और लगातार अंतराल पर विकेट गंवाकर फाइनल में लड़खड़ा गयी। इसमें श्रेयंका पाटिल का भी अहम योगदान रहा।

(विस्तृत पेज 11 पर)

## एनआईए ने चार संपत्तियां कुर्क कीं

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने देश में वैश्विक आतंकी संगठनों के नेटवर्क को खत्म करने के अभियान के तहत पुणे में आईएसआईएस आतंकी मॉड्यूल मामले में चार संपत्तियां कुर्क की हैं। एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि कोंढवा क्षेत्र में कुर्क की गई संपत्तियां मामले में आरोपी 11 लोगों से जुड़ी हैं, जिनमें तीन भगोड़े भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इसका इस्तेमाल आईईडी निर्माण व प्रशिक्षण और आतंकवादी कृत्यों की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था। एनआईए पिछले साल दर्ज मामले में सभी 11 आरोपियों के खिलाफ पहले ही आरोपपत्र दायर कर चुकी है। अधिकारी ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम ...शेष पृष्ठ 10 पर

## अरुणाचल-सिक्किम में विस चुनाव के नतीजे अब दो को

एजेंसी





नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना की तिथि चार जून से बदलकर दो जून कर दी है। आयोग ने पहले घोषणा की थी कि दोनों विधानसभा चुनावों की

- पहले यहां पर मतगणना की तिथि चार जून को थी

मतगणना चार जून को लोकसभा चुनाव की मतगणना के साथ की जाएगी। आयोग ने कहा कि चूंकि दोनों विधानसभाओं का कार्यकाल दो जून को समाप्त हो रहा है, इसलिए तारीख बदल दी गई है। आयोग ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कार्यक्रम के संबंध में कोई बदलाव नहीं होगा। आंध्र प्रदेश और ओडिशा में भी संसदीय चुनावों के साथ विधानसभा चुनाव होने हैं।

## जल, वायु और जमीनी मार्ग से हर मतदाता तक पहुंचना लक्ष्य

### लोकसभा चुनावः दुनिया में कर्मचारियों, सामग्री की सबसे बड़ी आवाजाही

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव कराना एक वृहद प्रक्रिया होती है जिसमें पूरे भारत में यह सुनिश्चित करने के लिए जलमार्ग, वायु और जमीनी मार्ग से कर्मियों और सामग्री की आवाजाही होती है कि कोई भी मतदाता छूट न जाए। यह शांतिकाल में कर्मियों और सामग्री की सबसे बड़ी आवाजाही होती है।

यह विशाल लोकतांत्रिक कवायद आयोजित करने के लिए निर्वाचन आयोग कम से कम डेढ़ साल पहले अधिकारियों, चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षण देकर और अन्य उपकरणों के अलावा आवश्यक ईवीएम और अमिट स्याही की आपूर्ति में तेजी लाकर चुनाव की तैयारी शुरू कर देता है। अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होंगे और उसके बाद 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और। जून को चुनाव होंगे।



लोकसभा के 543 निर्वाचन क्षेत्रों में लगभग 97 करोड़ पंजीकृत मतदाता 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर अपना मतदान करेंगे।आयोग के अनुसार, चुनाव के लिए लगभग 1.5 करोड़ मतदान और सुरक्षाकर्मी, लगभग 55 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और चार लाख वाहन तैनात किए जाएंगे। पिछले साल जून की शुरुआत में, निर्वाचन आयोग ने देश भर में चरणबद्ध तरीके से ईवीएम और पेपर ट्रेल मशीन की प्रथम स्तर की जांचै शुरू की थी। मॉक पोलै प्रथम स्तर की जांच (एफएलसी) प्रक्रिया का हिस्सा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राजनीतिक दल मशीन से संतुष्ट हों। निर्वाचन आयोग ऐसी कवायद के लिए एक कैलेंडर जारी करता है और स्थायी निर्देश हैं, जिनका पालन राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को करना होता है। एफएलसी के दौरान, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और पेपर ट्रेल मशीन की यांत्रिक खामियों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के दो उपक्रम भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आंध्र प्रदेश में कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

### सरकार के पहले 100 दिन का रोडमैप बनेगा, तीसरे कार्यकाल में करेंगे बड़े फैसले

एजेंसी

नई दिल्ली/ अमरावती । लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कैबिनेट मंत्रियों को खास निर्देश दिया है। उन्होंने मंत्रियों से नई सरकार के पहले 100 दिनों और अगले 5 साल के लिए रोडमैप तैयार करने को कहा है। पीएम मोदी ने आज सुबह नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता की।

इस दौरान उन्होंने मंत्रियों से अपने-अपने मंत्रालयों के सचिवों और अन्य अधिकारियों से मुलाकात करने को कहा। साथ ही इस बारे में चर्चा करने के लिए कहा कि नई सरकार के पहले 100 दिन और अगले 5 साल के एजेंडे को बेहतर ढंग से कैसे लागू किया जा सकता है। पीएम मोदी की यह बैठक निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के एक दिन बाद हुई है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को निर्वाचन आयोग की सिफारिश भेजकर 7 चरण के संसदीय चुनावों की तारीखों को अधिसूचित करने की प्रक्रिया भी शुरू की। मालूम हो कि



रविवार को आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एक सार्वजनिक जनसभा के दौरान हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 102 सीट पर मतदान होगा। इसके लिए पहली अधिसूचना 20 मार्च को जारी की जाएगी। नोटिफिकेशन जारी होने के साथ ही किसी विशेष चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाती है।

वहीं चुनाव तारीखों के एलान के बाद पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के पलनाडु में एनडीए गठबंधन की पहली रैली में शिरकत की। खास बात यह है कि इस रैली में पीएम मोदी के साथ ही एनडीए में शामिल टीडीपी के चीफ चंद्रबाबू नायडू और जन सेना पार्टी के चीफ पवन कल्याण भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तीसरे कार्यकाल में बड़े निर्णय लिए जाएंगे। विकसित भारत के लिए इस बार एनडीए 400 पार जाएगी। पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश में केंद्र सरकार की योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने के लिए जनता को एनडीए सांसदों और विधायकों को जिताना होगा। एनडीए के सभी सांसद और विधायक जनता के लिए बहुत मेहनत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आंध्र को शिक्षा का केन्द्र बनाएंगे। यह मोदी की गारंटी है। ...शेष पृष्ठ 10 पर

## केजरीवाल को ईडी का एक और समन

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नया समन जारी कर उन्हें 21 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है।

आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। आम आदमी पार्टी (आप) के 55 वर्षीय राष्ट्रीय संयोजक को मध्य दिल्ली में केंद्रीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि नौवां समन जारी किया गया है ताकि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत केजरीवाल का बयान दर्ज किया जा सके। मुख्यमंत्री ने इन समन को अवैध बताते हुए हर बार पेश होने से इनकार किया है। इस मुद्दे पर आप रविवार को प्रेस वार्ता कर सकती है। दिल्ली की एक अदालत ने इस मामले में पिछले आठ समन में से छह की अवहेलना करने के लिए एजेंसी की ओर से दायर दो शिकायतों पर केजरीवाल को शनिवार को जमानत दे दी। ईडी ने मामले में जारी समन पर पेश नहीं होने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग करते हुए मजिस्ट्रेट अदालत का रुख किया था। एजेंसी ने इस मामले में दो दिन पहले बीआरएस नेता के. कविता को गिरफ्तार किया था। आबकारी नीति मामले में ईडी द्वारा दायर आरोप पत्र में केजरीवाल के नाम का कई बार उल्लेख किया गया है। एजेंसी ने कहा है कि आरोपी 2021-22 के लिए आबकारी नीति बनाने को लेकर केजरीवाल के संपर्क में थे। इस मामले में ईडी अब तक आप नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह, पार्टी के संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ शराब कारोबारियों को गिरफ्तार कर चुकी है। ईडी ने अपने आरोप पत्र में दावा किया था कि आप ने गोवा विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में लगभग 45 करोड़ रुपये की अपराध से अर्जित आय का इस्तेमाल किया था।

## लड्डू होली में टूटी बरसाना मंदिर की रेलिंग

### आठ श्रद्धालु घायल, मची अफरातफरी, लट्ठमार होली आज से

जिला संवाददाता

मथुरा। बरसाना में रविवार को लड्डू होली का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इसी बीच भीड़ अनियंत्रित हो गई। दबाव बढ़ने से मंदिर की रेलिंग टूट गई। एक के ऊपर एक कई श्रद्धालु गिर गए। हादसे में करीब 10 श्रद्धालु घायल हो गए। आनन-फानन उन्हें स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई गई। बरसाना में लड्डू होली खेलने के लिए लाखों श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान पुलिस-प्रशासन की व्यवस्था ध्वस्त नजर आई। भीड़ का दबाव बढ़ने से मंदिर परिसर में रेलिंग टूट गई। हादसे में करीब 10 श्रद्धालु घायल हो गए। बताते चलें कि लड्डू होली में प्रसादी स्वरूप लड्डू लुटाए जाते हैं। जिन्हें लूटने के लिए श्रद्धालु टूट पड़ते हैं। इसी दौरान हादसा हो गया।

विश्वविख्यात लठामार होली की पूर्व संध्या पर लाड़लीजी मंदिर में लड्डू होली मनाई गई। इसको देखने के लिए लाखों श्रद्धालु बरसाना पहुंचे। लड्डू होली को लड्डू प्रसाद के रूप में पांडे द्वारा कई टन लड्डू लुटाए गए। लड्डू



प्रसाद को पाने के लिए श्रद्धालुओं ने जमकर इन्हें लूटा। लड्डू प्रसाद खाने से श्रद्धालु फूड पॉइजनिंग के शिकार न हों, इसके लिए एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवस्तव ने मंदिर समिति के सदस्य प्रवीण गोस्वामी से बाहरी लड्डू प्रसाद को रोकने की सहमति मांगी। इस पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## बंगाल में बढ़ेगा मंत्रियों और विधायकों का वेतन

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने विधायकों और मंत्रियों के वेतन में वृद्धि से संबंधित दो विधेयकों को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने शनिवार को बंगाल विधानसभा (सदस्यों की परिलब्धियां) (संशोधन) विधेयक, 2023 और पश्चिम बंगाल वेतन और भत्ते (संशोधन) विधेयक 2023 को मंजूरी दे दी है। ये विधेयक राज्य विधानसभा में पिछले साल सितंबर में पारित किए गए थे लेकिन बोस के स्वीकृति न देने के कारण इन्हें लागू नहीं किया जा सका था। अधिकारियों ने बताया कि इस वृद्धि के बाद विधायकों का वेतन 10,000 रुपये से बढ़कर 50,000 रुपये प्रति माह हो जाएगा। मंत्रियों को पहले के 10,900 रुपये के वेतन के मुकाबले ...शेष पृष्ठ 10 पर

## चुनावी बॉण्ड का नया डेटा सार्वजनिक

### चुनाव आयोग ने सीलबंद लिफाफे में इसे उच्चतम न्यायालय को सौंपा था

एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड को लेकर नया डेटा रविवार को सार्वजनिक कर दिया। यह डेटा आयोग ने सीलबंद लिफाफे में उच्चतम न्यायालय को सौंपा था। न्यायालय ने बाद में आयोग से यह डेटा सार्वजनिक करने के लिए कहा था।

माना जा रहा है कि ये विवरण 12 अप्रैल, 2019 से पहले की अवधि से संबंधित हैं। आयोग ने पिछले सप्ताह उपरोक्त तारीख के बाद के चुनावी बॉण्ड से संबंधित विवरण को सार्वजनिक किया था। आयोग ने एक बयान में कहा कि राजनीतिक दलों ने उच्चतम न्यायालय के 12 अप्रैल, 2019 के अंतरिम आदेश के अनुसार



सीलबंद लिफाफे में चुनावी बॉण्ड से संबंधित डेटा दाखिल किया था। आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों से प्राप्त डेटा सीलबंद लिफाफे में उच्चतम न्यायालय में जमा किया गया था। 15 मार्च, 2024 के उच्चतम न्यायालय के आदेश पर अमल करते हुए न्यायालय की रजिस्ट्री ने सीलबंद लिफाफे में एक पेन ड्राइव में डिजिटल रिकॉर्ड के साथ भौतिक प्रतियां वापस कर दीं। आयोग ने आज चुनावी बॉण्ड को लेकर उच्चतम न्यायालय की रजिस्ट्री से डिजिटल रूप में प्राप्त डेटा को अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 15.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

- एससीआर के दायरे में होगा 27826 वर्गकिमी क्षेत्र (पृष्ठ-02)
- सपा व बसपा के नेताओं ने थामा भाजपा का दामन (पृष्ठ-02)
- अमेरिकी बैंक के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-11)
- केरोसिन की खपत सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटी (पृष्ठ-11)
- एफपीआई ने शेयरों में डाले 40,710 करोड़ (पृष्ठ-11)

**विशेष खबर** व्हाट्सऐप पर सूचनाओं के प्रसार की निगरानी जिला स्तर पर की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह जनता तक पहुंचे

## सोशल मीडिया के जरिये मतदाताओं पर असर डाल रहे राजनीतिक दल

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश में दुनिया के सबसे बड़े चुनावी उत्सव की तैयारियां शुरू होने के साथ ही राजनीतिक दल मतदाताओं के मनोविज्ञान पर असर डालने के लिए व्हाट्सऐप जैसे मैसेजिंग मंच और सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स का सहारा ले रहे हैं। विज्ञापन गुरुओं और राजनीतिक विश्लेषकों ने यह जानकारी दी।

राजनीतिक दल 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने तथा मतदाताओं से समर्थन मांगने के लिए व्यापक पैमाने पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) व्हाट्सऐप पर



प्रधानमंत्री की ओर से पत्र भेजकर मतदाताओं से जुड़ने का प्रयास कर रही है और नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए मतदाताओं से फीडबैक ले रही है। व्हाट्सऐप के भारत में हर महीने 50 करोड़ से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ता होते हैं। भाजपा ने माय फर्स्ट वोट फॉर मोदी वेबसाइट शुरू की है जिसमें मतदाता मोदी के लिए वोट करने का संकल्प ले सकते हैं और अपनी पसंद की वजह बताते हुए एक वीडियो अपलोड कर सकते हैं। वेबसाइट पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में किए गए विकास कार्यों को दिखाते कई लघु वीडियो भी हैं। वहीं, कांग्रेस राहुल गांधी व्हाट्सऐप समूह चलाती है जिसमें राहुल लोगों से संवाद करते हैं और उनके सवालों का जवाब देते हैं। व्हाट्सऐप पर सूचनाओं के प्रसार की निगरानी जिला स्तर पर की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह जनता तक पहुंचे और पार्टी के मतदाता ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दत्तात्रेय होसबाले फिर बने आरएसएस के सरकार्यवाह



एजेंसी

नागपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने रविवार को दत्तात्रेय होसबाले को पुनः सरकार्यवाह निर्वाचित किया।

आरएसएस ने एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी देते हुए कहा कि होसबाले 2021 से सरकार्यवाह हैं और उन्हें 2024 से 2027 तक की अवधि के लिए पुनः इस पद पर चुना गया है। आरएसएस की तीन दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की शुरुआत यहां रेशिमबाग में स्मृति भवन परिसर में शुक्रवार को हुई। नागपुर में संघ मुख्यालय में छह साल के बाद यह बैठक हो रही है।

# एससीआर के दायरे में होगा 27826 वर्ग किमी क्षेत्र

## अब लोकसभा चुनाव बाद जारी होगी अधिसूचना

विशेष संवाददाता (vol)

| एससीआर के जिले | जनसंख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| लखनऊ | 4589838 | 2528 |
| हरदोई | 4092845 | 5986 |
| सीतापुर | 4483992 | 5743 |
| उन्नाव | 3108367 | 4558 |
| रायबरेली | 3405569 | 4609 |
| बाराबंकी | 3260699 | 4402 |

**लखनऊ।** प्रदेश में स्टेट कैपिटल रीजन (एससीआर) का गठन की प्रक्रिया अब लोकसभा चुनाव के बाद ही पूरी होगी। हालांकि कमिश्नर डॉ. रौशन जैकब ने तीन दिन पहले शासन को रिपोर्ट भेज दी है। कमिश्नर ने अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण से जल्द राज्य राजधानी परिक्षेत्र के लिए नोटिफिकेशन जारी करने को कहा है। स्टेट कैपिटल रीजन में कुल छह जिले शामिल होंगे। एससीआर दायरे में 27826 वर्ग किमी क्षेत्र रहेगा।

दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर प्रदेश में यूपीएससीआर बनाने की मंजूरी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। इसमें पहले आठ जिलों को शामिल करने का प्रस्ताव था, लेकिन अब छह जिले ही रहेंगे। कानपुर और कानपुर देहात बाहर कर दिए गए हैं। 7 मार्च 2024 को उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र विकास अध्यादेश को सरकार ने मंजूरी दे दी। अब इसके गठन का रास्ता साफ हो गया है। मगर आवास विभाग से गठन की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने इन छह जिलों का सर्वे कराया है। उनकी आबादी, क्षेत्रफल आदि आंकड़े जुटाए गए हैं। प्रयास था कि आचार संहिता लागू होने से पहले एससीआर गठन की अधिसूचना जारी हो जाए। मगर यह संभव नहीं हो सका। अब आचार संहिता खत्म होने के बाद अधिसूचना जारी होने की उम्मीद है। पहले कानपुर, कानपुर देहात भी एससीआर में शामिल करने का प्रस्ताव था। इन दोनों को मिलाने से एससीआर क्षेत्र काफी बड़ा हो रहा था। ऐसे में शासन स्तर पर हुई बैठक में दोनों जिलों को अलग करने का फैसला हुआ। इसी क्रम में अब लखनऊ विकास प्राधिकरण ने एससीआर के लिए छह जिलों को शामिल कर अधिसूचना जारी करने का प्रस्ताव भेजा है। एससीआर में लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी और रायबरेली शामिल हैं। एससीआर अधिसूचना जारी होने पर इनके विकास का प्रस्ताव बनेगा। एससीआर के विकास, नक्शा मंजूरी और अन्य विकास परियोजनाओं के लिए नए नियम और मानक बनेंगे। इसकी जिम्मेदारी लखनऊ विकास प्राधिकरण को दी गयी है।

# कांग्रेस मुसलमानों को ठगने वाले दलों में सबसे आगे : ओपी राजभर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कांग्रेस को मुसलमान को ठगने वाली सबसे प्रमुख पार्टी करार देते हुए दावा किया कि देश पर आधी सदी से भी ज्यादा समय तक शासन करने वाली इस पार्टी की नीतियों के कारण सरकारी नौकरियों में मुसलमानों की भागीदारी एक प्रतिशत भी नहीं है।

राजभर ने पीटीआई वीडियो से बातचीत में अल्पसंख्यक समुदाय के वोटों के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए कहा, मुसलमानों को ठगने में कांग्रेस नंबर वन पार्टी है। उसके बाद प्रदेश में समाजवादी पार्टी और तीसरे नंबर पर बहुजन समाज पार्टी है। राजभर ने कहा, ये लोग वोट के लिए मुसलमानों के बारे में बहुत सारी बातें करते हैं। लेकिन उन्होंने उनकी बेहतर शिक्षा के लिए क्या किया है। उन्होंने दावा किया कि आजादी के बाद सरकारी नौकरियों में 38 प्रतिशत मुसलमान थे लेकिन कांग्रेस 50 साल से अधिक समय तक सत्ता में रही और उनकी नीतियों के कारण आज सरकारी नौकरियों में मुसलमान की भागीदारी एक प्रतिशत भी नहीं है। राजभर ने कहा, इसके लिए कौन जिम्मेदार है। क्या भाजपा जिम्मेदार है? उन्होंने (कांग्रेस, सपा और बसपा) अल्पसंख्यकों और भाजपा के बीच खाई पैदा कर दी है। मैं मुस्लिम भाइयों से आग्रह करूंगा कि वे नफरत छोड़ें और विकास के लिए लड़ें। इन लोगों (कांग्रेस और समाजवादी पार्टी) को छोड़ें और हमारे साथ आकर योजनाओं का लाभ उठाएं। राजभर ने दावा किया कि कम से कम 15 से 20 प्रतिशत मुसलमान भाजपा को वोट देने जा रहे हैं और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उत्तर प्रदेश की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतेगा। उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा, आम जनता इस बात को स्वीकार कर रही है कि पिछली समाजवादी पार्टी और कांग्रेस सरकार में दंगे होते थे और कर्फ्यू लगाया जाता था। इससे उन्हें राहत मिली है। लोग सपा की सरकार को गुंडों की सरकार कहते थे।

राजभर की पार्टी ने वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव भाजपा के साथ मिलकर लड़ा था मगर उसने 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का साथ छोड़ दिया था। सुभासपा ने साल 2022 में हुआ विधानसभा चुनाव समाजवादी पार्टी से गठबंधन कर लड़ा था और उसे छह सीटें जीती थीं। हालांकि चुनाव के बाद सपा से रिश्तों में तल्खी के चलते राजभर एक बार फिर भाजपा नीत राजग में शामिल हो गए थे। उन्हें हाल ही में प्रदेश का कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। राजभर ने आगामी लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीतने के भाजपा के दावे के सच होने का कारण गिनाते हुए कहा, यह दावा सच होगा क्योंकि भाजपा और उसके सभी गठबंधन सहयोगी जमीन पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं... दूसरी ओर विपक्ष केवल (सोशल मीडिया मंच) एक्स पर अपने विचार पोस्ट कर रहा है।

# जनता इन सात चरणों के चुनाव में भाजपा को हरायेगी : अखिलेश



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 सात चरणों में है। चुनाव आयोग की घोषणा का स्वागत है। सात चरणों के चुनाव दरअसल दुःख, दर्द और दमन का प्रतीक बन चुकी भाजपा सरकार की सात चरणों में हो रही विदाई की क्रोनोलॉजी है। जनता इन सात चरणों के चुनाव में भाजपा को हरायेगी और भाजपा की केन्द्र सरकार को हटायेगी। यही एक मात्र जनता की इच्छा और आकांक्षा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार के 10 वर्ष जनता के लिए परेशानी और यंत्रणा भरे रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार, अन्याय और अत्याचार सरकार का अभिन्न अंग बन गए हैं। पुलिस प्रशासन बेलगाम है। पुलिस हिरासत में लोगों की मौते हो रही है। महिलाएं एवं बच्चियां अपमानित और असुरक्षित है। डबल इंजन भाजपा सरकार में देश और प्रदेश का विकास नहीं हुआ। श्री यादव ने कहा कि किसान हो या नौजवान सभी भाजपा सरकार में उपेक्षित है। किसान लगातार आंदोलित है। किसानों को उनकी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारन्टी नहीं दी जा रही है। एमएसपी की मांग कर रहे सैकड़ों किसानों की मौत हो चुकी है। भाजपा सरकार किसानों से बात करने के बजाय उनके रास्ते में कील कांटे लगा रही है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। हर वर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा करने वाली भाजपा सरकार लोगों की नौकरी छीनने का काम करती है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की अहंकारी सत्ता का जवाब समाजवादी पीडीए इंडिया गठबंधन है। देशवासी जानते हैं कि भाजपा सरकार के रहते न तो उनके अधिकार बचेंगे न ही उनका सम्मान बचेगा। आरक्षण व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। देश की सम्पत्ति चंद पूंजीपति मित्रों को बेची जा रही है। संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए उत्तर प्रदेश की जनता इस बार 80 हराओ, भाजपा हटाओ का संकल्प ले चुकी है।

# मोदी-फोबिया के कारण एकजुट हुए हैं विपक्षी दल : डॉ. शर्मा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा ने रविवार को दावा किया कि विपक्षी दल मोदी फोबिया (मोदी भय) के कारण एकजुट हुए हैं और लोकसभा चुनाव के लिए एकता का दिखावा कर रहे यह दल तीन महीने बाद एक-दूसरे से झगड़ना शुरू कर देंगे। उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने दावा किया कि, चुनाव में उनके (विपक्षी दल) बढ़े हुए अहंकार और खराब प्रदर्शन के कारण वे अपने बीच से (लोकसभा में) विपक्ष का एक नेता भी नहीं चुन पाएंगे।

उन्होंने कहा, मोदी फोबिया के कारण वे (विपक्षी दल) एक साथ आने के लिए मजबूर हुए हैं। जो पार्टियां अब एक साथ आ रही हैं, वे तीन महीने बाद आपस में ही लड़ती नजर आएंगी। चुनाव आयोग ने शनिवार को लोकसभा चुनाव की घोषणा कर दी। यह चुनाव सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को होंगे। मतगणना चार जून को होगी।

शर्मा ने दावा किया कि इस बार विपक्षी दल कहीं भी चुनावी परिदृश्य में नहीं हैं। यहां तक कि दक्षिणी राज्य भी इस चुनाव में विपक्षी दलों के पतन और भाजपा के उदय का गवाह बनेंगे। उन्होंने कहा, एक-दूसरे को गाली देने वाले अवसरवादी विपक्षी दल अपना अस्तित्व बचाने के लिए आपस में बेमेल गठबंधन बना रहे हैं। जो लोग एक-दूसरे को जेल भेजने की बात करते थे, वे आज एक-दूसरे को गले लगा रहे हैं। चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, समाजवादी पार्टी (सपा) और तृणमूल कांग्रेस सहित कुछ विपक्षी दलों ने इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन बनाया है। हाल ही में कुछ दक्षिणी राज्यों का दौरा कर चुके भाजपा राज्यसभा सदस्य ने कहा, लोकसभा चुनाव के लिए कुछ विपक्षी दल एक साथ आए हैं लेकिन अपने नेताओं के अहंकार के कारण वे अपने बीच से विपक्ष के नेता का चयन नहीं कर पाएंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा और उसके सहयोगी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेंगे। शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तुलना जर्मनी के तानाशाह रहे एडॉल्फ हिटलर से करने वाले समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर भी निशाना साधा।

शर्मा ने सपा संस्थापक और उत्तर प्रदेश के दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के स्पष्ट संदर्भ में कहा, असली हिटलर वह था जिसने अयोध्या में कारसेवकों पर गोलियां चलाईं और जिनके समय में (अयोध्या में) राम मंदिर के बारे में बात करने वाले लोगों को जेल में डाल दिया गया था। उन्होंने कहा, अगर वे हिटलर से इतना प्यार करते हैं तो उन्हें अपनी सहयोगी कांग्रेस द्वारा लगाए गए आपातकाल और सिख विरोधी दंगों को भी याद रखना चाहिए। विपक्ष पर हमला तेज करते हुए राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चुनावी मौसम भगवान राम और सनातन धर्म के विरोधियों को भी राम-राम जपने पर मजबूर कर रहा है। भाजपा नेता ने कहा, राम भक्तों पर गोलियां चलवाने वाले सपा नेता अब इटावा में मंदिर बनवा रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के स्पष्ट संदर्भ में शर्मा ने कहाआजकल, एक पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष अपने माथे पर चंदन का पाउडर लगाते हैं, लेकिन आश्चर्य है कि लोग मोदी की ओर क्यों देख रहे हैं। उन्होंने आम चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में सपा और कांग्रेस के एक साथ आने कौ दो परिवारवादी पार्टियों का मिलने करार दिया। शर्मा ने दावा किया कि भाजपा इस बार दक्षिणी राज्यों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस के प्रति गुस्सा है और भाजपा को पिछले चुनाव की तुलना में इस बार अधिक सीटें मिलेंगी क्योंकि उसका जद-एस (जनता दल (सेक्युलर) के साथ गठबंधन है। अगर कांग्रेस वहां एक भी सीट जीतने में कामयाब रही तो आश्चर्य होगा।

शर्मा ने कहा, आंध्र प्रदेश में (वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ) सत्ता विरोधी लहर है। वहां टीडीपी-भाजपा गठबंधन प्रभावी साबित होगा। केरल में ईसाई समुदाय भाजपा की ओर आकर्षित हो गया है। संक्षेप में मैं कहूंगा कि दक्षिण में विपक्ष का सूर्यास्त होगा और भाजपा का सूर्योदय होगा। लोकसभा की 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में आम चुनाव के सभी चरणों में मतदान होगा। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 62 और उसके सहयोगी अपना दल (सोनेलाल) ने दो सीटें जीती थीं। इसके अलावा सपा-बहुजन समाज पार्टी गठबंधन को 15 सीटें और कांग्रेस को एक सीट मिली थी।

# विपक्ष कर रहा नाकाम कोशिश, यूपी से नहीं मिलेगी एक भी सीट : स्वाती सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सिर्फ घर में रहकर सोशल मीडिया से प्रचार करने वाला जनता का दर्द कैसे समझ सकता है। उसको जनता की सेवा से मतलब नहीं, सिर्फ उसको लोकसभा और विधानसभा में अपनी पार्टी की सीटें जीतनी चाहिए और जीत के बाद अपने देश और प्रदेश का नहीं, अपने घर की भलाई में बजट को समर्पित कर देना है। ऐसे दल के नेता आज भारत के विकास के लिए दिन-रात एक कर देने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। यह सब जनता समझ रही है। ये बातें पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही। वे सपा प्रमुख अखिलेश यादव द्वारा सोशल मीडिया पर लिखे गये, भाजपा की योजनाएं शब्दों के आडम्बर से अधिक कुछ नहीं हैं। के जवाब में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि विपक्ष इस बार पहले से जानता है कि उसे सत्ता में नहीं आना है। वह तो विपक्ष में बैठने लायक अपनी सीटों की तलाश कर रहा है। उप्र में 80 सीटों पर भाजपा का परचम लहराएगा। ये मैं नहीं, आम जनता कह रही है। इसको देखकर विपक्ष की बौखलाहट बढ़ गयी है। वे किसी तरह से खड्यंत्र कर लोगों को आपस में भिड़ाकर एक-दो सीटों पर जीत हासिल करने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं।

# सपा व बसपाके नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

## प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दिलायी सदस्यता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष रविवार को पार्टी के राज्यमुख्यालय पर सपा के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक देवेन्द्र यादव बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा परिवार में शामिल हुए।

इसके साथ ही लखनऊ कैंट विधानसभा से बसपा के पूर्व प्रत्याशी अनिल पाण्डेय व लखनऊ के सपा नेता संदीप पाल ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान सांसद राजवीर सिंह राजू भैय्या, प्रदेश सरकार के मंत्री जेपीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह तथा प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में चल रही विकास की यात्रा से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चलने वाली जनकल्याणकारी योजनाओं से विकसित भारत निर्माण का संकल्प पूर्ण हो रहा है। आज बदलता हुआ भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करने के लिए तैयार है। श्री चौधरी ने कहा कि हमारी विचारधारा से जुड़कर पार्टी में शामिल हुए सभी लोग अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूर्ण करने में सहभागी बनें और सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के मार्ग पर मिलकर आगे बढ़े।

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा परिवार में शामिल होने वाले सभी लोगों का स्वागत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा का चुनाव घोषित हो चुका है और हमें जुटकर पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकासित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए मिलकर काम करना है और प्रदेश की सभी 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सहभागी बनना है।

भाजपा में शामिल होने के साथ आप सभी को यह जिम्मेदारी लेकर घर जाना है कि अपने जनपद में पहुंचकर भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ मिलकर मोदी व योगी के नेतृत्व की भाजपा सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है।

# रेड बस, पेटीएम के वेबसाइट से हो सकेगी बसों में बुकिंग

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों में ऑनलाइन सीट बुक कराने वाले तीन तरह के वेवसाइड मिलेगें। इसके जरिए यात्री रेड बस, पेटीएम और अभी बस के वेबसाइट पर जाकर रोडवेज बसों में सीट बुक कर सकेंगे। इससे यात्रियों को तत्काल, एडवांस बुकिंग में आसानी होगी। रोडवेज बसों के अलावा निजी ऑपरेटरों के लग्जरी बसों में सीट बुकिंग के लिए विकल्प तलाशने का मौका मिलेगा। लखनऊ परिवहन निगम के क्षेत्रिय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि रोडवेज बसों के टिकटों की बिक्री अधिक हो, इसके लिए तीन निजी ऑपरेटरों से अनुबंध हुआ है। इनकी वेबसाइट जाकर रोडवेज बसों के अलावा निजी ऑपरेटरों के बसों में सीट बुकिंग कराई जा सकती है। निजी ऑपरेटरों के वेबसाइट के जरिए बुक होने वाले रोडवेज बसों के टिकट का पैसा अनुबंध के मुताबिक परिवहन निगम के खाते में आ जाता है। निगम यात्रियों के लिए कोई भी योजना लेकर आता है तो उसका भी लाभ यात्रियों को निजी ऑपरेटरों के टिकट बुकिंग प्लेटफार्म पर मिलेगा। एप से टिकट बुक कराने पर 31 मार्च 2024 तक रोडवेज की एसी बसों में सीट बुकिंग पर किराये में दस फीसदी छूट का ऑफर चल रहा है। इसका लाभ यात्रियों को परिवहन निगम की ऑनलाइन सीट बुकिंग की वेबसाइट यूपीएसआरटीसी डॉट कॉम के अलावा निजी ऑपरेटरों के वेबसाइट पर जाकर एसी बसों में सीट बुक कराने पर किराये में मिलेगी। परिवहन निगम के प्रबंधन में एक अधिकारी ने बताया कि एक से टिकट बुक कराने पर परिवहन निगम के पास पैसा सुरक्षित आ जायेगा।

**रैंकिंग** | यूपीपीसीएल ने जारी किया परफारमेंस रैंकिंग

# रैंकिंग में सर्किल प्रथम अव्वल और सर्किल दो रहा फिसड्डी

समरेश पति त्रिपाठी (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन ने उपभोक्ता सेवा से जुड़े कार्यों के करने में लापरवाही करने वाले सर्किलो का रैंकिंग जारी किया किया है। जिमसें लेसा सिस गोमती प्रथम के सकिल 4 अव्वल आया है तो वही लेसा ट्रांस गोमती के सिर्किल दो इस बार फिसड्डी साबित हुआ है। बिजली उपभोक्ता सेवा में अच्छा और खराब कार्य करने वाले सर्किल का रैकिंग प्रतिमाह यूपीपीसीएल जारी करता है।

मध्यांचल के लेसा सिस गोमती के प्रथम का सर्किल चार अव्वल आया है। जबकी लेसा ट्रांस गोमती का सर्किल दो फिसड्डी आया है। पहले नम्बर पर प्रोग्रेसिव रिपोर्ट फरवरी 2024 में लेसा सिस गोमती के सर्किल चार का आया है जिसमें यूपीपीसीएल रैंक में प्रथम तो डिस्काम स्तर पर भी प्रथम आया है। वहीं दूसरे नम्बर पर



लेसा सिस गोमती के सर्किल सात है जो यूपीपीसीएल रैंक पर 28 और डिस्काम स्तर पर 8 आया है। लेसा ट्रांस गोमती का सर्किल 10 यूपीपीसीएल रैंक में 33 और डिस्काम स्तर पर 9 आया है। लेसा सिस गोमती सेंकेड का यूपीपीसीएल स्तर पर 34 और डिस्काम स्तर पर 10 आया है। लेसा सिस गोमती दो का सर्किल 3 यूपीपीसीएल में 36 और डिस्काम स्तर पर 12 आया है। लेसा सिस गोमती द्वितीय का सर्किल 1 यूपीपीसीएल स्तर पर 47 और डिस्काम स्तर पर 14 आया है। लेसा ट्रांस गोमती 1 में सर्किल 6 यूपीपीसीएल रैंक में 86 और डिस्काम स्तर पर 24 आया है। लेसा ट्रांस गोमती 2 का सर्किल 9 यूपीपीसीएल स्तर पर 107 और डिस्काम स्तर पर 28 आया है। लेसा ट्रांस गोमती 2 के सर्किल 2 यूपीपीसीएल स्तर 117 और डिस्काम स्तर पर 29 आया है।

**इस आधार पर होती है रैंकिंग**
राजस्व वसूली, बिलिंग, ट्रांसफार्मर की देखरेख, बिजली कटौती, नये कनेक्शन, 1912 पर प्राप्त शिकायतो का निस्तारण, बिजली ट्रिपिंग, लाईन लॉस एवंम अन्य उपभोक्ता सेवा।

लेसा में जिन सर्किल का खराब प्रदर्शन है उनसे रिपोर्ट लिया जायेगा। इसके बाद कार्रवाई किया जायेगा। सर्किल का रिपोर्ट एमडी साहब स्वंम देखते है।
**शालिनी यादव, जन संम्पर्क अधिकारी मध्यांचल**

# भाजपा के खिलाफ जबर्दस्त सत्ता विरोधी लहर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**इटावा।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख महासचिव रामगोपाल यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पाटी के खिलाफ जबरदस्त सत्ता विरोधी लहर होने का दावा करते हुए रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में यह पार्टी पिछले चुनाव लोकसभा चुनाव के मुकाबले इस बार कम से कम 40 सीटें गंवाने जा रही है।

रामगोपाल यादव ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, भाजपा के लोग निरंतर असत्य भाषण देकर जनता को बहकाने का काम कर रहे हैं। जब हम लोगों के बीच जाते हैं तो मालूम पड़ता है कि उत्तर प्रदेश में केंद्र और राज्य दोनों ही सरकारों के खिलाफ जबरदस्त सत्ता विरोधी लहर है। उन्होंने सपा और कांग्रेस के गठबंधन के आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जाहिर करते हुए दावा किया, जो गठबंधन है उसकी स्थिति बहुत अच्छी रहेगी और पिछली बार के मुकाबले भाजपा की कम से कम 40 सीटें उत्तर प्रदेश में हम कम करने जा रहे हैं। भाजपा को बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर घेरते हुए सपा नेता ने कहा, जितना झूठ हिंदुस्तान की जनता को 24 घंटे परोसा जा रहा है उसकी असलियत सब जान चुके हैं। आप देखिएगा आगामी लोकसभा चुनाव में बहुत चमत्कारिक परिणाम आएंगे। चुनावी बॉण्ड को लेकर हो रहे खुलासों के बारे में पूछे जाने पर यादव ने इसे बहुत बड़ा घपला करार देते हुए कहा, ऐसा मेरे ख्याल से कभी हिंदुस्तान में नहीं हुआ कि लोगों को डरा-धमका कर, छापा डलवा कर धन लिया गया हो। राज्यसभा सदस्य ने कहा, दुनिया का कोई दूसरा देश होता तो अभी तक जो सरकार है, जिसने यह सब किया है वह चली गई होती। यादव ने दावा किया, एक अच्छी बात कही गई कि ए ने खरीदा, बी को दे दिया। बी ने खरीदा, सी को दे दिया। सी ने डी को दे दिया और डी ने जाकर बैंक में जमा करके पैसा ले लिया तो जिसने दिया और लिया था वो नाम ही गायब हो गए। उन्होंने कहा, यह बहुत बड़ा घपला है। जो लोग यह कहते हैं कि हमने भ्रष्टाचार खत्म कर दिया है, इससे बड़ा भ्रष्टाचार तो दुनिया के किसी भी देश में नहीं हुआ। इस मामले में जिसने चंदा दिया, उसे ठेका मिल गया। ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) से छापे पड़वाए। कंपनी ने पैसा दे दिया और जांच खत्म हो गई। यादव ने कहा, वेदांता कंपनी पर ईडी ने छापा मारा। उसने 400 करोड रुपए दे दिये, फिर जांच खत्म हो गई। सबसे ज्यादा चंदा दिया फ्यूचर गेमिंग वाली कंपनी ने, जो टनल बनाती है। उसने 1500 करोड रुपए दिए, उसे कश्मीर में और उत्तराखंड में टनल बनाने का काम दे दिया गया। एक नहीं बहुत सी बातें हैं। चुनाव से कुछ महीने पहले राम मंदिर के उद्घाटन से क्या भाजपा को लाभ होगा, इस सवाल पर यादव ने चुटीले अंदाज में कहा, नहीं नहीं... उन्होंने जल्दी उद्घाटन कर दिया। उद्घाटन अब करना चाहिए था।

संक्षेप

## जल भराव को लेकर महिलाएं उतरी सड़क पर किया प्रदर्शन

**अयोध्या।** जलभराव जल भराव सहित कई समस्याओं को लेकर तंग आकर महात्मा गांधी वार्ड के नागरिक महिलाओं के साथ रविवार दोपहर सड़क पर उतर आए। आक्रोशित लोगों ने आईटीआई के निकट रामपथ जाम करते हुए जमकर नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को धकिया कर जाम खुलवा दिया।इसे लेकर लोगों का गुस्साऔर भड़क गया है।लोगों का कहना है कि यदि इस तरह आवाज का दमन किया जाएगा तो नगर निगम के घेराव के लिए बाध्य होगें। करीब एक घंटे चले प्रदर्शन के दौरान महिलाएं सड़क पर बैठ गई। आरोप है कि बिना महिला पुलिस के महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई।महात्मा गांधी वार्ड में बीते कई माह से जलभराव हो रहा है जिससे लोगों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।कालोनी के लोगों का कहना है कि सड़क और जलभराव से बच्चों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्धः मोनिका



**बहराइच ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी निर्वाचन कार्यक्रम, आदर्श आचार संहिता एवं अन्य प्राप्त नवीनतम निदेर्शों से मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान किये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराये जाने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जायेगा।

डीएम ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि दोस्ताना माहौल में निर्वाचन लड़ें तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निदेर्शों का स्वयं भी अध्ययन कर उसका अनुपालन सुनिश्चित करायें। आदर्श आचार संहिता की अनदेखी को कतई अनदेखा नहीं किया जायेगा। सुव्यवस्थित ढंग से निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियॉ पूर्ण कर ली गयी हैं। मतदान केन्द्रों पर आयोग की मंशानुरूप सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायेंगी।

डीएम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही सम्पूर्ण जनपद में आदर्श आचार संहिता के सुसंगत प्राविधान लागू हो गये हैं। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 56-बहराइच (अ.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु चतुर्थ चरण में होने वाले निर्वाचन की अधिसूचना 18 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 25 अप्रैल 2024 होगी। नामांकन-पत्रों की जॉच का कार्य 26 अप्रैल 2024 को होगा जबकि नामांकन पत्रों को वापस लेने की तिथि 29 अप्रैल 2024 निर्धारित है।मतदान 13 मई 2024 को सम्पन्न होगा तथा मतगणना का कार्य 04 जून 2024 किया जायेगाइसी प्रकार 57-कैसरगंज (आंशिक) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु पंचम चरण में होने वाले निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल 2024 को जारी की जाएगी। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 03 मई 2024 होगी।नामांकन-पत्रों की जॉच का कार्य 04 मई 2024 को होगा जबकि नामांकन पत्रों को वापस लेने की तिथि 06 मई 2024 एवं 20 मई 2024 को मतदान सम्पन्न होगा तथा मतगणना का कार्य 04 जून 2024 को सम्पन्न होगा।डीएम व एसपी ने सभी राजनैतिक दलों से अपील की कि आदर्श आचार संहिता के दायरे में रहते हुए सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही प्रचार-प्रसार का कार्य करें।प्रचार-प्रसार के दौरान कोई ऐसा कार्य कतई न करें जिससे किसी व्यक्ति, वर्ग अथवा समुदाय की भावना को ठेस पहॅुचे। उन्होंने पुनः कहा कि सरकारी मशीनरी पूरी निष्पक्षता के साथ अपना कार्य करेगी।इसके लिए निर्वाचन कार्य में लगे हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान कर दिये गये हैं।उन्होंने विभिन्न प्रचार माध्यमों से प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा निदेर्शों के अनुसार कलेक्ट्रेट में सिंगल विन्दो की स्थापना की गई जिसकी नोडल अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट हैं।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभागर, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण व अन्य अधिकारी, भाजपा से सुनील श्रीवास्तव व रणविजय सिंह, सपा से जफर उल्लाह खॉ ह्यबन्टीह्ल, बसपा से अजय कुमार गौतम व अशर्फी लाल गौतम, कांग्रेस से गोपीनाथ, अपना दल एस के गिरीश पटेल मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों ने चयनित ग्राम में प्रभात फेरी निकाल किया स्वच्छता के प्रति जागरुक



**जैदपुर,बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी आर0बी0पी0जी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन स्वयं सेवकों ने चयनित ग्राफ रहीमाबाद व खुशहालपुर में प्रभात फेरी निकाल ग्रामवासियो को स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इसके पश्चात वरिष्ठ स्वंयसेवक जितेन्द्र कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं को परेड का अभ्यास कराया गया। ध्वजारोहण कर वरिष्ठ स्वयंसेवक रामरूप वर्मा द्वारा योग ध्यान, प्राणायाम सिखाया गया। बौद्धिक सत्र मे सामाजिक समरसता में शिक्षा का महत्व विषय पर मुख्य अतिथि टीआरसी महाविद्यालय डीन डॉ0 गिरिजा शंकर ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक शिक्षा के बिना सामाजिक समरसता संभव नहीं है। किताबों से हमें सिर्फ एक प्रतिशत ज्ञान ही प्राप्त होता है बाकी 99 प्रतिशत ज्ञान हमें समाज से प्राप्त होता है।इसलिए सर्टिफिकेट की शिक्षा के बजाय व्यवहारिक शिक्षा की आज प्रासंगिकता ज्यादा है। इस अवसर पर रंजीत कुमार वर्मा, रजत बहादुर वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी अनीता कुमारी, विनोद कुमार गौतम, रामरूप वर्मा, चंदन विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, सोनाली, मोनिका वर्मा, प्रियंका, सोनी, अंजलि, नेहा सिंह मौजूद रहे।

## निर्वाचन कंट्रोल रूम और शिकायत प्रकोष्ठ स्थापित

**बहराइच ।** अपर जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में जिला निर्वाचन कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो राउण्ड-द्-क्लाक संचालित रहेगा। अपर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कन्ट्रोल रूम में विधानसभावार हेल्पलाइन/शिकायत सेल हेतु नम्बर आरक्षित किये गये है। श्री रंजन ने बताया कि कन्ट्रोल रूम/शिकायत प्रकोष्ठ के सफल संचालन हेतु तीन-तीन शिफ्टों में कर्मचारियों की तैनाती की गई है। कन्ट्रोल रूम के माध्यम से सांख्यिकीय सूचनाओं/सी-विजिल/डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर (कॉल सेन्टर) से सम्बन्धित सूचनाओं का प्रेषण किया जायेगा।जिला निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में विधानसभावार स्थापित दूरभाष नम्बरों की जानकारी देते हुए अपर जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रंजन ने बताया कि बलहा हेतु दूरभाष नम्बर 05252-297831, नानपारा के लिए 05252-297832, मटेरा के लिए 05252-297833, महसी के लिए 05252-297834, बहराइच के लिए 05252-297835, पयागपुर के लिए 05252-297836 तथा कैसरगंज के लिए स्थापित दूरभाष नम्बर 05252-297837 है।इसके अलावा कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर 1950 है।श्री रंजन ने बताया कि आम जनमानस आदर्श चुनाव सम्बन्धित अपनी अन्य शिकायतें दर्ज करा सकते है अथवा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# आदर्श आचार संहिता पर निगाह रखने के लिए रवाना हुईं एफएसटी व वीएसटी टीमें




**बहराइच ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से आदर्श आचार संहिता का पालन कराने तथा व्यय अनुवीक्षण पर निगरानी रखने के उद्देश्य से जिले में विधानसभावार गठित की गई फ्लाईंग स्क्वायड तथा वीडियो निगरानी टीमों को कलेक्ट्रेट परिसर से जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव के साथ हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन के निदेर्शानुसार आदर्श आचार संहिता का पालन कराने तथा व्यय अनुवीक्षण पर सतर्क दृष्टि रखने के उद्देश्य से विधानसभावार तीन-तीन दल गठित किये गये है। डीएम ने एफ.एस. टीम के सदस्यों को निर्देश दिया कि वह क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराएं और उनके द्वारा किये गये कार्य धरातल पर दिखाई दें। एफ.एस. टीमों को भोर में और देर रात में विशेष सतर्कता बरतने की हिदायत दी गयी। डीएम ने एस.डी.एम. और सी.ओ. को निर्देश दिया कि एफ.एस. टीमों का बेहतर ढंग से नेतृत्व करें और उन्हें हर स्तर पर मार्गदर्शन देते रहें और टीमों की गतिविधियों पर नजर रखें। एफ.एस. टीम की रोज की कार्यगुजारियों की सूचना भी अनिवार्य रूप से प्रेषित की जाय।इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सहायक निदेशक मत्स्य जितेन्द्र कुमार, एआरटीओ प्रवर्तन ओ.पी. सिह व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## साईं लॉ कॉलेज में छात्रों को बांटे गये स्मार्टफोन

**फतेहपुर, बाराबंकी।** प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत साईं लॉ कॉलेज बेलहरा रोड फतेहपुर में स्नातक समेत एलएलबी के छात्र-छात्राओं को विधि संकाय के प्राचार्य अंशुमेंद्र जायसवाल ने स्मार्टफोन का वितरण किया। वितरण के दौरान प्राचार्य श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत प्रदेश की युवा शक्ति, शासन की योजना से रूबरू हो सकेगी।राष्ट्र के निर्माण में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।युवा शक्ति के सहयोग से प्रदेश का विकास तीव्र गति से हो रहा है।इस अवसर पर साईं लॉ कॉलेज के प्रबंधक विपिन सिंह राठौर, उपप्राचार्य डॉ0 दिनेश शुक्ला, डॉ0 दिग्विजय सिंह (प्रवक्ता), नेहा गुप्ता, दीपमाला शर्मा, शशिकांत, प्रिया वर्मा, प्रदीप कुमार समेत संपूर्ण महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

## इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम व सिंगल विंडो का डीएम व एसपी ने किया शुभारम्भ



**बहराइच ।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार चुनाव प्रचार से सम्बन्धित जनसभा, रैली, जूलूस, लाउडस्पीकर, वाहन इत्यादि विभिन्न प्रकार की अनुमति प्रदान किये जाने के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट संयुक्त कार्यालय में स्थापित सिंगल विन्डों तथा ई-डिस्ट्रिक कार्यालय में स्थापित निर्वाचन नियंत्रण कक्ष एवं शिकायत सेल तथा व्यय नियंत्रण कक्ष (इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम) का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के साथ फीता काटकर शुभारम्भ किया।इसके उपरान्त डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ यहां पर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा माके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव व नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर मौजूद रहीं।

## सपा और कांग्रेस विकास की जननीः तनुज पुनिया



**बाराबंकी।** लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी हमारे पिता कर्मयोगी पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया की राजैतिक कर्मभूमि अपने 11 वर्ष के संसदीय कार्यकाल में उन्होने 1 हजार करोड से ज्यादा धनराशि से संसदीय क्षेत्र का चैमुखी विकास किया है। आज मै इंडिया गठबन्धन से आपके बीच समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पार्टी के गठबन्धन का प्रत्याशी हूँ। और आपके बीच आपका आशीर्वाद, सहयोग तथा गठबन्धन के पक्ष मे मतदान कराने का निवेदन करने आया हूँ।मै आपके विश्वास दिलाने आया हूँ कि लोकसभा क्षेत्र के चैमुखी विकास, नगरीय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो सभासदो के साथ यदि मुझे आपके सहयोग से अवसर मिला तो वार्डो के विकास के लिये कोई कोर कसर नही छोडूंगा यही विश्वास दिलाने आपके बीच आया हूँ।उक्त बाते 53 लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने समाजवादी पार्टी कार्यालय मे संगठन की नगर पालिका परिषद सभासदो तथा स्थानीय टेस्टी बाइट कान्फ्रेस हाल में जिला पंचायत सदस्यो की सामूहिक बैठक में कही।इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी श्री पुनिया ने कहा कि समाजवादी पार्टी ओर कांग्रेस पार्टी विकास की जननी है।देवा रोड पर ओबरब्रिज, घाघरा नदी पर 54 किमी का तटबन्ध, 400 करोड की लागत से 3200 गांवो का विद्युतीकरण, ट्रामा सेन्टर, पालीटेक्निक, यह सब उसी समय के विकास के कार्य है। जब हमारे पिता संसदीय क्षेत्र के सांसद थे। और अखिलेश प्रदेश के मुख्यमंत्री थें। 2017 से प्रदेश में भाजपा की सरकार आयी है संसदीय क्षेत्र का विकास अवरूद्ध हो गया है विकास का रूका हुआ। बैठक में सपा जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, प्रीतम सिंह वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख/नगरपालिका परिषद चैयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा, दिनेश वैश्य, धर्मेन्द्र यादव, सरजू शर्मा, सुरेश गौतम, सिकन्दर अब्बास रिजवी, इरफान कुरैशी, सभासद सुशील गुप्ता, मो0 फैसल, पंकज मिश्रा, अश्वनी शर्मा शिवा, सादीक हुसैन, नईम अहमद, मो0 आरिफ, आनन्द, शिव कुमार, बृजेश यादव मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी चला होर्डिंग्स-पोस्टर हटाओ अभियान

जिला संवाददाता

**अयोध्या।**लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही तहसीलों से लेकर ब्लाक और पंचायतों तक में सघन रूप से होर्डिंग्स - पोस्टर हटाने का अभियान दूसरे दिन रविवार को भी चलता रहा।अगले 72 घंटे तक चलने वाले अभियान में सभी एसडीएम तहसीलदार और थाना प्रभारियों को लगाया गया है।जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार के निर्देश के बाद रुदौली तहसील के ब्लाक मवई व रुदौली और आदर्श नगर पालिका रुदौली और नगर पंचायत माँ कामाख्या धाम में भी अभियान दूसरे दिन चलता रहा।इतना ही नहीं दोनों ब्लाकों के खंड विकास अधिकारी ग्राम पंचायतों के सचिवों और प्रधानों को भी निर्देशित किया गया था।निर्देश दिए गए हैं कि आगामी 72 घंटे बाद कहीं बैनर,पोस्टर और होर्डिंग्स नहीं नजर आनी चाहिए। एसडीएम रुदौली अंशिका दीक्षित ने अपने क्षेत्र में शनिवार शाम से लेकर शुरू किए गए अभियान में दो सौ से अधिक स्थानों से होर्डिंग्स हटवाए है। इसके अलावा सभी दुकानदारों को निर्देश दिए गए है कि किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री नहीं लगने दें।

तहसील रुदौली क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू होते ही एसडीएम अंशिका दीक्षित, तहसीलदार राजेश वर्मा, सीओ, नायब तहसीलदार अनूप श्रीवास्तव, रिशू जैन,ईओ नगर पालिका रुदौली सुरेश मौर्य नगर पालिका परिषद रुदौली के कर्मियों ने विभिन्न क्षेत्रों में होर्डिंग्स हटवाए।एसडीएम अंशिका दीक्षित ने बताया कि यदि आचार संहिता का उल्लंघन पाया गया तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## आचार संहिता लगते ही उतरने लगे पोस्टर बैनर

**पूरा बाजार- अयोध्या।** चुनाव आचार संहिता लगते ही सड़कों के किनारे लगे पोस्टर बैनर उतरने लगे थानाध्यक्ष महाराजगंज अमरजीत सिंह व चौकी प्रभारी पूरा बाजार आलोक कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ पूरा बाजार बिलहरघाट रसूलाबाद मडना सहित अन्य स्थानों पर लगे पोस्टर व बैनर उतरवा दिए थानाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव संबंधी किसी भी प्रत्याशी से संबंधित पोस्ट और बैनर लगाना मना है जो बैनर लगे हैं उन्हें उतरवा दिया जा रहा है किसी भी प्रत्याशी से संबंधित पोस्ट और बैनर लगाना मना है यदि भविष्य में किसी भी व्यक्ति द्वारा बैनर पोस्टर व वॉल राइटिंग कराया गया तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि वाल राइटिंग को भी पेंट करा दिया जा रहा है तथा लोगों से माहौल शांतिपूर्ण बनाए रखने की अपील की जा रही है तथा अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

## सरयू नदी में डूब रहे युवक को जल पुलिस के जवानों ने बचाया

**अयोध्या।** रविवार को अयोध्या घूमने आए सुमित कुमार पुत्र सूर्य बक्स निवासी तेरहूंत थाना हलियापुर जनपद सुल्तानपुर व दूसरा अमित कुमार पुत्र सुभाष सिंह पता ओलानगंज जनपद जौनपुर के है जो लक्ष्मण घाट के सामने जल बैरिकेटिंग के पार जाकर स्नान करने के दौरान अचानक जल के तेज बहाव से गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने लगे और बचाव बचाव की आवाज सुनते ही जो ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल नित्यानन्द यादव, कांस्टेबल अखिलेश यादव, कांस्टेबल मुन्ना यादव, कांस्टेबल लालमणि, गोताखोर लालजी माझी, अर्जुन माझी, पिंटू माझी, डब्लू माझी, हरीश माझी द्वारा सुरक्षित बाहर निकाला गया। जल पुलिस की टीम ने तत्काल तत्परता दिखाते हुए बिना अपनी जान की परवाह किए तत्काल गहरे पानी में रेस्क्यू किया। और दोनों युवक को सुरक्षित बाहर निकाला। सूचना पाकर मौके पहुंचे जल पुलिस के प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने उनके परिवार को सुपुर्द किया। जिसके कार्य को देखकर उनके परिवार के साथ स्थानीय लोगों ने जल पुलिस की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 45 दिवसीय श्री राम पग यात्रा का आज अयोध्या होते हुए काशी में भव्य समापन

जिला संवाददाता

**अयोध्या ।** श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा होने के उपलक्ष्य में काशी की सनातनी संस्था ब्रह्मराष्ट्र एकम द्वारा 45 दिवसीय श्री राम पग यात्रा का आयोजन किया गया है ।

यात्रा प्रमुख डॉ सचिन सनातनी ने बताया की ये यात्रा 2 फरवरी, 2024 से काशी से प्रारंभ होकर अयोध्या होते हुए श्रीलंका तक जाने वाली पग यात्रा प्रभु श्री राम जी के पग जिन जिन स्थलों पर पद चिन्हों के रूप में पड़े थे उन मार्गो से होकर गुजरी है ।सनातनी ने ये भी बताया की यात्रा में भगवान राम के आदर्शों, मूल्यों एवं उनके सुशासन के विषय में प्रबुद्ध जनों से विचार साझा किया जा रहा है और यह बताने का प्रयास है की भारत की सनातन संस्कृति में अति प्राचीन शिक्षा प्रणाली के तहत गुरुकुल व्यवस्था का अमूल्य योगदान रहा है और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने उसी शिक्षा व्यवस्था से शिक्षा हासिल कर श्रृष्ट गुरु शिष्य परंपरा की परिकल्पना को साकार करते हुए निशाचरों का नाश किया और राम राज्य की स्थापना कर हजारों वर्ष सुख शांति और संपन्नता के साथ जाति भेदभाव को मिटाया।इसी भाव को लेकर ये संस्था गुरुकुल परंपरा को पुनः स्थापित करने का पूरे भारत में अपना योगदान करेगी ।

श्री राम पग यात्रा अयोध्या, श्रृंगवेरपुर, प्रयागराज, चित्रकूट, सतना (म०प्र०), नागपुर, नाशिक, बैंगलोर, लेपाक्षी, बेलूर, हासन, मैसूर, त्रिची, रामनाथपुरम, रामेश्वरम और श्रीलंका तक कि यात्रा पूर्ण करके मुंबई, वडोदरा, सोमनाथ, अहमदाबाद, जयपुर, नई दिल्ली, मथुरा, लखनऊ के मुख्य धार्मिक स्थलों में दर्शन करते हुए यात्रा अयोध्या पहुंची ।यहां यात्रा ने श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामचंद्र जी का दर्शन पूजन करके अपने आखिरी पड़ाव काशी की और प्रस्थान कर गई ।यहां राम पग यात्रियों का यात्रा संयोजक द्वारा भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया ।यहां हजारों की मात्रा में राम भक्त शामिल रहे ।

यह यात्रा 2 देश, 10 राज्य, 200 से अधिक स्थानों से होकर श्रीलंका तक गयी और फिर शेष भारत में मुंबई, बड़ोदरा, सोमनाथ, अहमदाबाद, जयपुर, नई दिल्ली, मथुरा, आगरा, लखनऊ, और अयोध्या के रास्ते होते हुए काशी (वाराणसी) में समापन करेंगी ।पूरी यात्रा लगभग पंद्रह हजार किलोमीटर की दूरी तय करेगी ।

इस संस्था द्वारा अनवरत धार्मिक, सांस्कृतिक व सामाजिक कार्य किए जाते हैं जो की सनातन धर्म के प्रचार प्रसार संग देश की संस्कृति व धरोहर को बचाए रखने के लिए कार्यरत है। यह यात्रा विशुद्ध रूप से धार्मिक एवं भगवान श्री राम जी के प्रति आस्था और भक्ति का प्रतीक है और पूरे भारत में इस एतिहासिक यात्रा में लाखो की संख्या में भक्तगण जगह जगह शामिल होते रहे ।यात्रा के मुख्य आयोजक डॉ. सचिन सनातनी जी हैं साथ में यात्रा का संकल्प लेकर चल रहे है मुख्य रूप से आदि विश्वेश्वर ज्योतिर्लिंग के महंत श्री लिन्गिया महाराज जी, प्रिया मिश्रा, अमरेंद्र मिश्र, रागिनी मौर्या, दामिनी राज, शिवम, विशाल, अजय, अरविंद, महेंद्र समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहें ।

## दूसरे बैंक से भी ले लिया कर्ज,धोखाधड़ी का केस दर्ज

**गमवई-अयोध्या।** जुगाड़ के दम पर एक ही जमीन पर अलग-अलग बैंकों से कर्ज लेना 50 से अधिक किसानों को महंगा साबित हो रहा है। तहसील क्षेत्र में कार्य कर रही आर्यावर्त बैंक ने ऐसा फजीर्वाड़ा करने वाले 9 किसानों पर मुकदमा दर्ज करा दिया है तथा अन्य पर मुकदमा हेतु आवेदन कर रखा है।रुदौली तहसील क्षेत्र के ऐहार और डिलवल शाखा के 9 किसानों पर रुदौली और पटरंगा थाना में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। अभी 41 किसानों के विरुद्ध कोर्ट में मामला लंबित चल रहा है जिसके बाद हड़कंप मच गया है।

आर्यावर्त बैंक की जिले की रुदौली तहसील क्षेत्र में मवई, नेवरा,उमापुर, सैदपुर,

डिलवल,पटरंगा,ऐहार,शुजागंज, रुदौली, मीरमऊ,सराय बरई आदि 11 शाखाएं है। बैंक किसान क्रेडिट कार्ड,मुद्रा लोन समेत कई योजनाओं के तहत ऋण देती है।समय-समय पर बैंक अपने कामकाज व ऋण धारको की समीक्षा करती है।गत दिनों बैंक की शाखाओं में प्रधान कार्यालय के निर्देश पर जब उन खाताधारकों के बारे में जांच शुरू किया जो आर्यावर्त बैंक से ऋण लेने के बाद अदा नहीं कर रहे हैं,जांच में जब परते खुलनी शुरू हुई तो विभिन्न शाखाओं के प्रबंधक भी दंग रह गए। रुदौली तहसील क्षेत्र के 11 ब्रांचों में अब तक 50 ऐसे लोग पाए गए जिन्होंने आर्यावर्त ग्रामीण बैंक से करोड़ों का लोन लेकर अदा नहीं किया और दूसरी बैंक या शाखों से दोबारा इस खतौनी को लगाकर ऋण ले लिया।यह हाल तब है जब कोई बैंक ऋण देते वक्त ग्राहक की सिविल चेक करती है बकायदा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर ऋण देने की व्यवस्था बनी हुई है। बैंक के अधिकारियों के अनुसार यह सभी ऋण कई साल पुराने हैं जिन पर लिया गया ऋण जमा न करने पर फाइलों की जांच में यह पोल खुली है।

**● एक ही जमीन पर दो-दो बैंकों से ऋण लेने का जांच में हुआ बड़ा खुलासा**

जांच में पाए गए तीन तरह के धोखाधड़ी के मामलेजब काफी दिनों तक ऋण की अदायगी बैंकों में नही हुई तो बैंक के अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू किया।जिसमें अधिकतर मामलों में तीन तरह के फ्राड पाए गए।

बैंक में बंधक जमीन पर किसी दूसरी बैंक से ऋण ले लिया गया।बैंक में बंधक जमीन को किसी दूसरे को बेंच दिया लेकिन ऋण अदायगी नही किया।व्यवसाय के लिए बैंक ऋण लेकर या तो प्रोजेक्ट नही लगाया या झूठा प्रोजेक्ट दिखाकर ऋण का धन दूसरे कार्यो में खर्च कर लिया।पटरंगा और रुदौली थानों में दर्ज हुआ 9 किसानों के विरुद्ध मुकदमाआर्यावर्त बैंक की 11 ब्रांचों में से अब तक ऐहार और डिलवल ब्रांच के शाखा प्रबन्धकों ने केस दर्ज कराया है।क्षेत्रीय प्रबंधक संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि ऐहार शाखा में अब तक 4 एफआईआर दर्ज हुई है तथा इसके अलावा 13 मामले कोर्ट में विचाराधीन है।बताया कि 13 में 9 ऐसे मामले है जिनमे व्यवसाय के लिए ऋण लेने के बाद दुकान बंद कर दिया और धन अन्य कार्यो में लगा लिया।वही डिलवल ब्रांच में भी 5 किसानो के विरुद्ध पटरंगा थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई है।बयान-संजीव श्रीवास्तव क्षेत्रीय प्रबंधक आर्यावर्त बैंकआर्यावर्त बैंक की सभी शाखाओं में जांच के दौरान कई ऐसे प्रकरण मिले है जिसमे ऋण धारकों ने ऋण लेने के बाद उसी कागज पर दूसरी बैंकों से भी लोन लिया और पहले का ऋण जमा नही किया जो कि नियम विरुद्ध है।ऐसे 50 मामलों में एफआईआर दर्ज कराने के लिए न्यायालय में आवेदन किया गया है जिसमे से 9 मामलों में न्यायालय के आदेश पर एफआईआर दर्ज हो चुकी है।

## पीड़िता दर-दर भटकने को मजबूर

**अयोध्या।** मंडल के कुडवार थाना क्षेत्र निवासी निरसहिया अशोका देवी पत्नी राम प्रताप ग्राम स्थाई निवासिनी है। जनसुनवाई पोर्टल पर की शिकायत शिकायती पत्र में कहा गया है कि पीड़िता एक गरीब महिला है पीड़िता द्वारा अपनी आबादी की जमीन पर घर बनवाया था जिसके बाद पीड़िता के विपक्षी के ने रंजिशन पीड़िता की दीवाल से सटाकर एक सफेदा और गूलर का पेड़ लगा दिया पीड़िता ने पटीदार मनगनहकार्यवाही नही हुई दिनांक 2 फरवरी 2024 को पटीदार मनगू ने किसी पेड़ के ठेकेदार को बुलवाकर उक्त पेड़ को काटा दिया।

संक्षेप

## बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, 2 घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** बहन के घर से वापस लौट रहे दो युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे दोनो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों को सीएचसी लाया गया जहां एक युवक की हालत गंभीर देख उसे रेफर कर दिया गया। बताते चले की कोतवाली क्षेत्र के सेमरहा निवासी अपनी बहन के घर जनपद अमेठी के थाना मोहनगंज अंतर्गत चिलिहा गांव गया था जहां से देर रात वह वापस अपने घर आ रहा था तभी कोतवाली क्षेत्र के बुकवा गांव के पास उसकी गाड़ी अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे राम बरन(23)पुत्र रामजीत निवासी सेमरहा व मनीष(17) पुत्र राकेश निवासी चिलिहा गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से एम्बुलेंस द्वारा घायलों को सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर एक की हालत गभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## राम शंकर की स्मृति में द्वार बनवाने की मांग

**महराजगंज,रायबरेली।** व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने कस्बे के प्रकाश नगर निवासी भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रहे स्वर्गीय राम शंकर वर्मा की स्मृति में रन्धाव रोड पर स्मृति द्वारा बनवाए जाने की मांग राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को मांग पत्र सौंपकर की है। व्यापार मण्डल के अध्यक्ष रिंकू जायसवाल ने बताया कि स्वर्गीय राम शंकर वर्मा जी हमेशा समाज के लोगों के भलाई के लिए कार्य करते रहे। उनकी स्मृतियां आज भी कस्बा वासियों के दिलों में है।मांग पत्र लेते हुए राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों को स्मृति द्वारा बनवाए जाने का आश्वासन दिया है।इस मौके पर संदीप वैश्य, मोहित सोनी, शिव कैलाश, बब्लू वैश्य सहित कई लोग मौजूद रहे।

## कबूतरों को जहरीला दाना खिलाकर मारने का आरोप

**महराजगंज ,रायबरेली।** युवती पर कबूतरों को जहरीला दाना खिलाकर मारने का आरोप लगाते हुए तहरीर देने आए भुक्तभोगी को पुलिस की हीलाहवाली के चलते आरोपी से समझौता करना पड़ा।छिनैती व चोरी की घटनाएं जहां खुलासे का इंतजार कर रही वहीं कोतवाली पुलिस द्वारा कार्यवाही के नाम पर हीलाहवाली के चलते भुक्त भोगी थक-हारकर समझौता करने के लिए मजबूर हो रहे हैं।मामला महराजगंज थाना क्षेत्र के सिरसोई गांव का है।गांव निवासी मैंकू पुत्र कल्लू ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने कबूतर पाल रखे हैं।मैकू का आरोप था कि पड़ोस की रहने वाली नेहा पुत्री रंगई ने उसके पालतू पांच कबूतरों को जहरीला दाना खिलाकर मार दिया है। भुक्तभोगी जब नेहा के घर विरोध जताने गया तो नेहा और उसके पिता रंगई ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर देने आए भुक्तभोगी को पुलिस कार्यवाही के नाम पर टहलाती रही, घटना के दूसरे दिन पुलिस को कार्यवाही न करते देख भुक्तभोगी मायूस हो गया।कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई की बजाय आरोपियों को सुलह समझौता का मौका दिया। आखिरकार रविवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के सुलहनामे के आधार पर मामले को रफा-दफा कर दिया।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2764829 प्रमाणपत्र व सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।निरंजन कुमार पुत्र रामदास ग्राम नर्रे, पोस्ट राजगढ़ गोरखपुर।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2645514 प्रमाणपत्र व सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है।निरंजन कुमार पुत्र रविन्द्र ग्राम जानीपुर झझवा, पोस्ट जानीपुर, गोरखपुर।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2010 अनुक्रमांक 2467667 मूल प्रमाणपत्र एवं अंक पत्र वास्तव में खो गया है। अंकित तिवारी पुत्र श्री प्रमोद कुमार ग्राम-रुद्र पोस्ट-खजनी, गोरखपुर।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2020 अनुक्रमांक 2931958 मूल प्रमाणपत्र व सह अंक पत्र वास्तव में खो गया है। ऋषिकेश चौहान पुत्र श्री हरिचरण चौहान ग्राम-पोस्ट सिंगहा गोरखपुर।

# पटाखा कारखाने में विस्फोट एक की मौत, दूसरा गंभीर

### राज्यमंत्री ने मृतक के परिजनों से मिलकर व्यक्त की शोक संवेदना



**रायबरेली।** पटाखा कारखाने में विस्फोटक सामग्री रखते समय अचानक हुए भयंकर विस्फोट में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी तो वहीं दूसरा युवक जिन्दगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। घायल युवक को गम्भीर हालत में जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है।घटना की सूचना पर एडीशनल एस पी सहित अन्य प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंच घटना की जांच कर रहा है, तो वहीं राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की।

घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के पहरेमऊ गांव से बाहर बने पटाखा कारखाने की है। गांव निवासी लाल मोहम्मद पुत्र अली हुसैन ने सुरेश की बाग में लाइसेन्सी पटाखा बनाने का कारखाना खोल रखा है। रविवार की सुबह 11 बजे कारखाने में गांव के ही बीरेन्द्र (19) पुत्र राघवेन्द्र कुमार शर्मा बाइक से पटाखा बनाने हेतु विस्फोटक सामग्री लेकर आये उसी समय उसका चचेरा भाई शिवम उर्फ छोटू (15) पुत्र देवेन्द्र कुमार शर्मा कारखाने के पास ही खेत में गेहूं सींचने आया था। बाइक से विस्फोटक सामग्री उतारते समय विस्फोट हो गया जिसमें बीरेन्द्र का एक हाथ व बाइक के परखच्चे उड़ गये। भयानक विस्फोट में बीरेन्द्र घटना स्थल से लगभग 30 मीटर दूर जाकर गिरा जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। वहीं उसका चचेरा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया। विस्फोट की आवाज सुनकर पहुंचे ग्रामीणों ने घायल युवक को एम्बुलेन्स से अस्पताल पहुंचाया और पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच कर रही है।दुःखद घटना की सूचना पर राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की व प्रशासनिक अधिकारियों को घायल का समुचित इलाज व मृतक के परिजनों को सरकारी सहायता त्वरित उपलब्ध कराये जाने के निर्देष दिये। एडीशनल एस पी नवीन कुमार सिंह, तहसीलदार अनिल पाठक, क्षेत्राधिकारी यादुवेन्द्र बहादुर पाल, कोतवाली प्रभारी बालेन्दु गौतम ने फॉरेन्सिक टीम,फायर विभाग के साथ साक्ष्य संकलन करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से क्षेत्र में हड़कम्प मचा हुआ है वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अंजलि मौर्या ने थामा भाजपा का दामन

**रायबरेली।** भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन त्रिपुला में जिला अध्यक्ष बुद्धि लाल पासी की अध्यक्षता में ऊंचाहार से पूर्व प्रत्याशी अंजलि मौर्या का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन हुआ अंजलि मौर्य के लखनऊ में भाजपा की सदस्यता लेने के बाद रायबरेली आगमन पर भाजपा कार्यलय में सैकडो कार्यकर्ताओं ने उनका गर्म जोसी के साथ स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि पीएम मोदी व मुख्यमंत्री योगी को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है इस बार लोकसभा में प्रदेश की 80 की 80 सीटो पर भाजपा का परचम लहराएगा।इस मौके पर अंजलि मौर्या ने लोगो का अभिवादन करते हुए मंच के माध्यम से लोगो से अपील करते हुए कहा कि महिलाओं की सबसे ज्यादा भागीदारी और विश्व स्तर पर महिलाओं का सम्मान बढ़ाने का काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा सरकार ने किया है इसलिए सरकार के हाथों को मजबूत करने के लिए पूरा मौर्य समाज के लोगो को दिन रात एक कर के माननीय देश के प्रधान मंत्री जी के हाथों को और मजबूती देनी है मौर्य समाज का एक एक वोट भाजपा में दिलवाने का काम करेंगे। और इसकी सुरुवात रायबरेली की धरती से बदलाव की बयार चला कर की जाएगी और यहाँ से कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का काम किया जाएगा।

# स्वयंसेवकों ने रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक



**सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन माँ सरस्वती की प्रतिमा पर धूप दीप माल्यार्पण करके स्वयं सेवकों एवं स्वयंसेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व चयनित गांव चकरपुर और नेवादा का रैली के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को जागृत किया गया तथा ग्रामीणों के विभिन्न प्रकार के प्रश्नों का प्रश्नों का कार्यक्रम अधिकारियों के नेतृत्व में छात्रों ने समझते हुए उत्तर दिया। कुछ स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को पर्यावरण सुरक्षा के दृष्टिकोण में वृक्ष वितरित किए। तत्पश्चात स्वयंसेवकों की एक टोली ने ग्राम प्रधान दीपचंद जायसवाल की मौजूदगी में साफ सफाई करते हुए चैक नाली अंश पांडे द्वारा खोला गया। साथ ही शिविर में लौटते समय यातायात जागरूकता के संबंध बिना हेलमेट बाइक सवारों को रोक कर पुष्प एवं हेलमेट दिया गया। भोजन उपरांत बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए डॉ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना किया ही नहीं जाता है, बल्कि यह जिया जाता है। साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से भी स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं अपनी प्रतिभा का परचम लहरा सकते हैं जैसे पी.आर.डी. कैंप, आर.डी.कैम्प, एडवेंचर कैंप, यूथ फेस्टिवल एवं यूथ पार्लियामेंट। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आलोक तिवारी ने किया एंव कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले अंबुज तिवारी, योगेश शुक्ला, अवनीश तिवारी, दीपेंद्र सिंह, मोहम्मद अहसान, आशीष कुमार गुप्ता ,राजा निषाद, उत्तम तिवारी स्वेतमणी मिश्र, श्वेता दुबे मनीषा लखवानी, अन्नपूर्णा तिवारी, गौरी तिवारी, श्रेया सिंह की प्रशंसा की।

## बेसिक शिक्षा बच्चों के सीखने की नींव है

**सुलतानपुर (वीओएल)।** महानिदेशक, स्कूल शिक्षा के निर्देश के अनुपालन में ग्राम प्रधान, एसएमसी अध्यक्ष व सदस्य सचिव के उन्मुखीकरण का कार्यक्रम ब्लाक संसाधन केन्द्र धनपतगंज के प्रागंण में आयोजित किया गया।प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया।उच्च प्राथमिक विद्यालय धनपतगंज की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम के संयोजक खण्ड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी ने कहा कि बेसिक शिक्षा बच्चों के सीखने की नींव है।प्रधानों के सहयोग से आज हमारे विद्यालयों का आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से सौन्दर्यीकरण हुआ है। बीईओ ने सभी शिक्षकों से आह्वान किया कि अपने विद्यालय में पठन-पाठन की गुणवत्ता बढ़ाते हुए बच्चों को निपुण बनायें।मुख्य अतिथि राजेश तिवारी ने कहा कि हमारी कक्षा के सभी बच्चे किताब को पढ़ सकें और जोड़, घटाव, गुणा, भाग के सवाल हल कर सकें। जब बच्चों में इतनी दक्षता आ जाएगी तभी हमारा विद्यालय निपुण बन पाएगा।एस.आर.जी. सत्यदेव पाण्डेय ने कहा कि समुदाय, शिक्षक व बच्चे शिक्षा रुपी इमारत के तीन पिलर है, इनके समन्वय से ही विद्यालय में पठन-पाठन माहौल बेहतर होता है। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र तिवारी ने किया। इस मौके पर शिव सहाय पाण्डेय, अरविंद सिंह, दिनेश चन्द्रा, मेवालाल, मनोज मिश्र, अंजनी पाण्डेय, किरन, बबिता, सत्यप्रकाश उपाध्याय, निशा, आरती शुक्ला, प्रेमलता सिंह आत्मप्रकाश मिश्र, अनूप तिवारी, सूर्यप्रकाश तिवारी आदि मौजूद रहे।

## चार कुतंल लहन नष्ट

**सुलतानपुर।** होली व चुनाव के मद्देनजर अल सुबह से आबकारी निरीक्षक डॉ. महेंद्र प्रताप वर्मा व गोसाईगंज पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब अड्डों पर सुबह से दबिश दी जा रही है। दुकानों की गहनता से जांच की जा रही है।आबकारी आयुक्त उप्र जिलाधिकारी व एसपी तथा उपआबकारी आयुक्त तथा जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश के क्रम में गोसाईगंज थाना अंतर्गत फतेहपुर संगत व गोमती नदी कछार में आबकारी निरीक्षक डॉ महेंद्र प्रताप वर्मा मय स्टाफ व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सुबह से ताबड़तोड़ दबिश दी गयी।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. सुदामापुरी, सीतापुर** <u>-:ई-निविदा सूचना:-</u>

अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल सीतापुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य को कराने हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी निविदाकारों से निविदाएं ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं प्रपत्र UP Government की वेबसाइट www. etender.up.in पर डाउनलोड / देखे जा सकते है। निविदा से सम्बन्धित अन्य सूचना यथा तिथि विस्तारण/ संशोधित तिथि/निरस्तीकरण केवल ई-टेण्डर पोर्टल पर ही प्रकाशित की जायेगी। **1- निविदा संख्या 369/ विविमंसी/ 2023-24** विद्युत वितरण खण्ड-महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर 11 केवी थानगांव पोषक, मिठौली, देनुवा एवं 11 केवी जहाँगीराबाद पोषक के जर्जर तार बदलने इत्यादि का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 22,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः 08.05.2024 निविदा खुलने की तिथि - 09.05.2024 **2- निविदा संख्या 370/ विविमंसी/2023 -24** विद्युत वितरण खण्ड-महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र महमूदाबाद ग्रामीण से पोषित 11 केवी रवन्ता एवं पैतेपुर पोषक के जर्जर तार बदलने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 18,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः 08.05.2024 निविदा खुलने की तिथिः 09.05.2024 **3- निविदा संख्या 371 /विविमंसी/2023-24** विद्युत वितरण खण्ड-महमूदाबाद, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर 11 केवी अरसेना, बिलौली बाजार एवं सरैया पोषक के जर्जर तार बदलने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 21,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः 08.05.2024 निविदा खुलने की तिथिः 09.05.2024 **4- निविदा संख्या 372 / विविमंसी / 2023-24** विद्युत वितरण खण्ड-बिसय, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र तम्बौर से निर्वाध विद्युत आपूर्ति प्रदान करने स्वतंत्र औद्योगिक पोषक के विभक्तीकरण हेतु एक्स.एल.पी. केबिल डालने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 14,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः 08.05.2024 निविदा खुलने की तिथिः - 09.05.2024 **5- निविदा संख्या 373/विविमंसी/2023 -24** विद्युत वितरण खण्ड-बिसवाँ, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर 11 केवी गोवर्धनपुर ए पोषक, गोवर्धनपुर-बी पोषक, कोटरा पोषक एवं जहाँगीराबाद पोषक पर जर्जर ए.बी. केबिल को नये ए.बी.सी. केबिल बदलने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 25,000.00 मात्र। निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र। निविदा आन लाइन भरने की तिथिः 08.05.2024 निविदा खुलने की तिथि - 09.05.2024 **6- निविदा संख्या 374/ विविमंसी / 2023-24** विद्युत वितरण खण्ड-बिसयाँ, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में बिजनेस प्लान वर्ष 2024-25 में सेमी टर्नकी आधार पर मैला मैदान, मोहल्ला कटरा तथा रोड कास पोषक कोटरा एवं जहाँगीराबाद पर 11 केवी अण्डरग्राउण्ड केबिलिंग/लाइन बनाने का कार्य। धरोहर धनराशि रू. 19,000.00 मात्र निविदा शुल्क रु. 3540.00 मात्र निविदा आन लाइन भरने की तिथि- 08.05.2024 निविदा खुलने की तिथिः 09.05.2024

**अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मण्डल मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. सीतापुर।**

**''राष्ट्रहित में बिजली बचायें, बल्ब की जगह एल.ई.डी. लगायें''**

**(पत्रांक 699 / दि. 16.03.2024)**

## हैंडपम में पानी भरने को लेकर विवाद, दो महिला सहित युवक पर केस दर्ज

**महराजगंज, रायबरेली।** हैंडपम में पानी भरने को लेकर हुए विवाद में कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दो महिलाओं सहित एक युवक पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।बताते चले की कोतवाली क्षेत्र के पूरे अभिमान मजरे बरहुआ निवासी मनोज कुमार यादव ने तहरीर में बताया कि हैंडपंप से पानी भरने को लेकर गांव के ही विपक्षी ममता पत्नी जगदीश,राजकुमार पुत्र राम अवतार व सुलोचना पत्नी जगदीश द्वारा गाली गलौज कर घर में घुस कर मारने पीटने लगे व लोगो को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए।कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर संबंधित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है।

# सामूहिक विवाह में 11 जोड़े एक साथ विदा

जिला संवाददाता (vol)



**डलमऊ, रायबरेली।** समिति द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में ग्यारह जोड़े एक साथ विदा किए गए अतिथियों ने वर वधु को कुशल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया दीन शाह गौरा के आदर्श पाचुन बाई विद्यालय गोविंदपुर माधव में सम्यक सेवा समिति द्वारा दसवां सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संस्था द्वारा पंजीकृत किए गए ग्यारह जोड़ों का सामूहिक विवाह बौद्ध मंत्रोचारण विधि से कराया गया सभी जोड़ों ने बुद्ध प्रतिज्ञा के अनुसार एक दूसरे के साथ रहने की कसमें खाई सम्यक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है सामूहिक विवाह में चंद्रपाल ने रीता, चेतराम ने आराधना, रामखेलावन ने रिंकी, इंद्रभान ने डाली, शुभम ने उर्मिला, राजकुमार ने रानी, दुर्जन सिंह ने अंजू, ललित कुमार ने कुंती, अनंत कुमार ने शीलू, भोला प्रसाद ने आरती एवं श्रवण कुमार ने सीता के साथ बौद्ध धर्म से शादी रचाई संस्था के अध्यक्ष शिवनारायण मौर्य ने कहा कि सम्यक सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष गरीब बेटियों की शादी निशुल्क कराई जाती है जिससे गरीब परिवारों को फिजूल खर्ची से राहत मिलती है कार्यक्रम में आए हुए अतिथ बीएन मौर्य, अंजली मौर्या, हरिशंकर, आरपी मौर्य सहित बड़ी संख्या में लोगों ने जोड़ों को आशीर्वाद दिया इस मौके पर संस्था के प्रबंधक सहदेव प्रसाद संरक्षक श्री राम, सचिव दिलीप कुमार कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, राममिलन मौर्य, शिव अजन, संतोष कुमार ग्राम प्रधान ऋषि प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# गौरव राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदीप संयुक्त मंत्री नियुक्त

**रायबरेली।** सर्वसमाज उत्थान महासंघ भारतवर्ष के साधारण सभा की एक बैठक शहर के होटल में आयोजित की गई जिसमें सर्वसमाज महासंघ के वरिष्ठ सदस्य तनय श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए राजेश द्विवेदी के नाम का प्रस्ताव किया जिसका समर्थन उमाशंकर चौधरी लक्ष्मीकांत रावत सहित सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से अपना समर्थन व्यक्त किया इसके पश्चात राजेश द्विवेदी ने कार्यकारिणी की घोषणा किया जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसायी गौरव जैन को राष्ट्रीय महामंत्री तथा संयुक्त मंत्री के रूप में प्रदीप मिश्रा को नियुक्त किया गया समाज के सजग प्रहरी लक्ष्मी निवास देवानंद पुर तनय श्रीवास्तव का चयन राष्ट्रीय संयोजक के लिए तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष के लिए प्रमोद सिंह और मीडिया प्रभारी के नाम पर अजय टैगोर का मनोनयन किया गया इसी क्रम में संगठन मंत्री की जिम्मेदारी त्रिविक्रम द्विवेदी को दी गई सर्व समाज उत्थान महासंघ में सभी वर्गों की सभी धर्म की सहभागिता हो सभी का समावेश हो सभी क्षेत्र के नामचीन व्यक्तियों का चयन किया राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए क्रमशः उमा शंकर चैधरी एडवोकेट प्रबंधक, विजय यादव प्रबंधक एडवोकेट, लक्ष्मीकांत रावत प्रधान गढ़ी पूर्व विस प्रत्याशी बछरावां परमजीत सिंह गांधी सभासद एवं समाजसेवी वसीम खान को नियुक्त किया गया संगठन के लिए विभिन्न पदों पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पुनीत सिंह जगधारी ,संतोष मौर्य ,रहीम खान ,संजय यादव ,हरिहर प्रसाद शर्मा ,पुष्पेंद्र वर्मा तथा निदेशक के पद पर भागीरथ प्रधान जलौला, आशीष चैधरी जिपं सदस्य संजय जयसवाल प्रबंधक, समाजसेवी आशुतोष पांडे वरिष्ठ नेता अनूप श्रीवास्तव एडवोकेट शैलेंद्र द्विवेदी समाजसेवी एवं वरिष्ठ नेता तथा व्यवसाय राधेश्याम पांडे का चयन किया गया। राजेश द्विवेदी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन में नई जिम्मेदारी के लिए तैयार रहने को कहा तथा आवाहन किया कि लिए हम सभी राष्ट्र का नवनिर्माण करें नवनिर्माण के लिए नया रक्त चाहिए नया उत्साह चाहिए संसार को बदलने की लालसा चाहिए गिरे हुए को उठाने की तड़प चाहिए सेवा की भावना चाहिए और सामूहिक उत्थान एवं समता के लिए सतत परिश्रम और पुरुषार्थ चाहिए इसी विश्वास और भावना के साथ इस संगठन का निर्माण किया गया है वर्तमान में सर्व समाज के उत्थान उसके सुख और शांति के लिए आवश्यकता है कि हम मानव के मूल्य को समझें मानव के व्यक्तित्व का उसकी प्रतिभा के विकास का उसकी सर्वांगीण उन्नति का उसकी शिक्षा दीक्षा का पूरा-पूरा प्रबंध होना चाहिए राजेश द्विवेदी ने बताया कि संगठन के 13 बिंदु है जिसमें सभी वर्गों के शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक पर्यावरण से लेकर परिवार कल्याण तक मध्य निषेध से लेकर विभिन्न प्रथाओं के उन्मूलन तक खेलकूद से लेकर व्यवसाय तक सभी बिंदुओं पर कार्य करने की योजना है शीघ्र ही संगठन का अन्य प्रदेशों में भी विस्तार किया जाएगा तथा देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों के नामचीन व्यक्तियों को संरक्षक मंडल में लाने का प्रस्ताव है आए हुए सभी पदाधिकारी का अभिनंदन राष्ट्रीय संयोजक तनय श्रीवास्तव ने एवं सभा का संचालन गौरव जैन ने किया।

## गौमाता की सेवा माता पिता से कम नहीं

**रायबरेली।** रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़े वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल व क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव आज रायबरेली के त्रिपुला स्थित गौशाला पहुंचे तथा वहां पल रहे, गौमाता तथा गोवंश को गुण तथा हरा चारा खिलाकर पूजा अर्चना की तथा गौ माता का आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने कहा कि गौमाता के अंदर 84 लाख देवी देवताओं का वास है और उनकी सेवा करने से बड़ा कोई धर्म नहीं है।

गोवंश की सेवा करना माता-पिता की सेवा से कम नहीं है। गौमाता की महिमा अपरंपार है। मनुष्य अगर जीवन में गौमाता को स्थान देने का संकल्प कर ले तो वह किसी भी संकट से बच सकता है। मनुष्य को चाहिए कि वह गाय को मंदिरों और घरों में स्थान दे, क्योंकि गौमाता मोक्ष दिलाती है।पुराणों में भी इसका उल्लेख मिलता है कि गाय की पूंछ छूने मात्र से मुक्ति का मार्ग खुल जाता है।

## हर बूथ पर लहरायें जीत का परचम : नंदी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** आम चुनाव की घोषणा के साथ लोकसभा के क्लस्टर प्रभारी व औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ह्यनन्दीह्ल ने रविवार को चुनावी बिगुल फूंकते हुए चार इसौली, लंभुआ, सदर व लंभुआ विधानसभा में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक कर कार्यकताओं को जीत का




मंत्र दिया।हर बूथ पर जीत का परचम लहराने के लिए कार्यकर्ता मिशन मोड में जुट जाने की बात कही।उन्होंने कहा प्रधानमंत्री ने जातिवाद, परिवारवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति को समाप्त किया है। लाभार्थी का बड़ा वोट बैंक खड़ा किया है।सभी जिम्मेदार कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर लाभार्थियों व अन्य वोटर से संपर्क करें। सरकार की उपलब्धियां बताएं। उन्होंने कहा कमल खिलाने के लिए जनता तैयार व उत्साहित हैं। उन्होंने लोकसभा के 1991 बूथों पर होली मिलन समारोह आयोजित करने को कहा।इस दौरान उन्होंने कोर कमेटी की बैठक कर चुनावी तैयारी का जायजा लिया।इसौली विधानसभा की बैठक कुड़वार व लंभुआ विधानसभा की बैठक चन्दन मैरिज लान लंभुआ में आयोजित हुई।लोकसभा प्रभारी दुर्गेश त्रिपाठी ने भी कार्यकताओं में जोश भरा और कहा भाजपा कार्यकर्ता 365 दिन सक्रिय एवं चुनावी मोड में रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा ने कहा कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार है।पन्ना प्रमुख का गठन कर लिया गया है।एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी ने भी संबोधित करते हुए कार्यकताओं से पूरी ताकत से जुटने का आवाह्न किया।इस मौके पर वि.सभा प्रभारी काली बख्श सिंह, वि.सभा संयोजक ब्लॉक प्रमुख शिव कुमार सिंह, विजय त्रिपाठी, प्रदीप शुक्ला, जिला सह मीडिया प्रभारी अशोक सिंह, बबिता तिवारी, पूजा कसौधन, अयोध्या प्रसाद वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश सिंह अंगद, कुंवर बहादुर सिंह, सुषमा जायसवाल, विजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# मान्यता प्राप्त दलों के साथ हुई डीएम की बैठक



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। उक्त बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशा0)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव शुक्ला, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र सिंह, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।उक्त बैठक में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आदर्श आचार संहिता के अनुपालन, जुलूस, सभाएं, रैली सहित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुपालन में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी।

जिलाधिकारी ने समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से आदर्श आचार संहिता के अनुपालन की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने में लगे सभी अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल व स्वस्थ्य संचार के माध्यम से सभी जानकारियाँ साझा की जानी चाहिये। उन्होंने सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया कि अब नियमित बैठकें होती रहेंगी। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के अनुपालन जैसे-पम्पलेट, पोस्टर छपवाने, चुनाव प्रचार करने, उम्मीदवार द्वारा किये जाने वाले व्यय आदि के सम्बन्ध में चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन से सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा ऑनलाइन सुविधा पोर्टल के बारे में सभी पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया, जिसके नोडल उपजिलाधिकारी सदर हैं।अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में सभी पार्टी पदाधिकारियों को विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। उन्होंने चुनावी प्रचार के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बनाये रखने, मस्जिद, चर्च, मंदिर या अन्य पूजा स्थलों का उपयोग चुनाव प्रचार के लिये मंच के रूप में नहीं करने, व्यक्तियों के घरों के सामने धरना प्रदर्शन नहीं किये जाने आदि जैसे विषयों पर चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन से पार्टी पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी प्रतिनिधि आशीष सिंह, अपना दल जिला अध्यक्ष अविनाश पटेल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधि अमोल बाजपेई, समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा, आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जय प्रकाश यादव, जिला महामंत्री (सपा) सलाउद्दीन अहमद, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार गौतम, सीपीआई प्रतिनिधि विवेक विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित

**लालगंज, रायबरेली।** न्यू स्टैण्डर्ड पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी व जूनियर विंगह्न के बच्चों के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किये गये। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी एवम आए हुए अभिभावकों द्वारा सर्व प्रथम माँ सरस्वती का पूजन- अर्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की ।तद्पश्चात कार्यक्रम में पधारे हुए अभिभावकों के सम्मान में स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर विद्यालय के प्री प्राइमरी विंग के नर्सरी कक्षा के बच्चों द्वारा चंद्रयान 3 की सफलता का संपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया गया, एल के जी कक्षा के बच्चों द्वारा राम दरबार की प्रस्तुति दी गई जो की अद्भुत रही। यू के जी कक्षा के बच्चों द्वारा होली गीत प्रस्तुत किया गया जिसने आए हुए अविभावकों को होली के रंग से सराबोर कर दिया। तत्पश्चात आए हुए अतिथियों में मुख्य अतिथि एस डी ओ लालगंज ने अपने सम्बोधन में बच्चों को बहुत बहुत बधाई दी और बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने की नसीहत दी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवम्एन एस बी वी एम रायबरेली के प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह द्वारा बच्चों को स्मृति चिन्ह दे कर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। स्टूडेन्ट्स अपना रिजल्ट कार्ड पाकर बहुत खुश दिखाई दिये। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रतिभा मिश्रा एवं अन्वी सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबन्धक डा.शशीकांत शर्मा ने आये हुए अभिभावकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया और बच्चों व अविभावकों को कदम से कदम मिलाकर चलने को कहा। तभी बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो पाएगा और हम सभी का सपना साकार हो पाएगा। बच्चों के जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है।लेकिन हम अभिभावकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि हम अपने पाल्य की शिक्षा के प्रति कितने सजग एवं सचेत हैं।

संक्षेप

## रेलवे ट्रैक पर मिले युवक-युवती के शव

संडीला(हरदोई)। रेलवे ट्रैक पर एक युवक युवती के छत विछत शव पड़े हुए पाए गए हैं। शवों को देखकर यह चर्चा है कि प्रेम प्रसंग में दोनों ने आत्महत्या की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कछौना पर सुजानपुर रेलवे फाटक के आगे रेलवे ट्रैक पर एक युवक और युवती का शव लोगों ने पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। आनन फानन भारी भीड़ जमा हो गयी। सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लिया। मृतक युवक की आयु लगभग 25 वर्ष तथा युवती की लगभग 20 वर्ष थी। मृत युवक की पहचान कोतवाली बेनीगंज के अंतर्गत ग्राम टेउना खुर्द निवासी संतराम के पुत्र इंद्रजीत के रूप में हुई। जबकि युवती की पहचान नहीं हो पायी थी। सूचना मिलने पर युवक के परिजन मौके पर आए उन्होंनें बताया कि इंद्रजीत एक दिन पहले घर से निकला था और फिर वापस नहीं लौटा। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। इस मामले की पड़ताल में पुलिस जुटी हुई है।

## बुलेट सवार युवक की मौत, साथी घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बुलेट सवार युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथ गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।कानुपर के आवास विकास कालोनी निवासी विश्वप्रताप सिंह (25) पुत्र चरनजीत सिंह कोतवाली क्षेत्र के महाराजनगर निवासी दोस्त शैदुजा अंसारी के साथ रविवार की सुबह बुलेट से कानपुर वापस जा रहा था। इसी दौरान नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहरी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डाक्टरों ने विश्वप्रताप सिंह को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल शैदुजा अंसारी को रेफर कर दिया।

## ईंट-भट्ठे के पास पड़ा मिला युवक का शव

हरदोई। ईट-भट्ठे के पास सड़क पर पड़े देखे गए शव के बारे में तरह-तरह की कटक लगाई जा रहीं है। उसके सिर के पीछे गहरी चोंट होने से कोई तो हादसा तो कोई उसकी हत्या करने की बात कह रहा है। हालंकि पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा,उसकी रिपोर्ट आने पर आगे कुछ भी कहा जा सकता है। रविवार को साण्डी थाने के अमलौखा गांव के एक ईंट-भट्ठे के पास सड़क के किनारे 38 वर्षीय युवक का शव पड़ा हुआ देखा गया। उसके सिर के पीछे गहरी चोंट और चेहरे पर खून पाया गया, युवक ने हल्के काही रंग की शर्ट,हल्की नीली जींस और पैरो में प्लास्टिक की चप्पल पहन रखी थी। उसके दाहिने हाथ की कलाई में कलावा और गले में काले धागे की माला पड़ी हुई थी। युवक किसी सड़क हादसे का शिकार हुआ या फिर उसके सिर पर पीछे से वार करते हुए उसकी हत्या की गई। लोगों के बीच इसी तरह की अटकलें लगाई जा रहीं हैं। हालांकि एसएचओ साण्डी छोटेलाल ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा,उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है,फिलहाल युवक की शिनाख्त नही हो सकी है।

# इण्डो-नेपाल बार्डर पर लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन सक्रिय

जिला संवाददाता(vol)



लखीमपुर खीरी। इण्डो-नेपाल बार्डर पर आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम हेतु पुलिस व एसएसबी व पैरामिलिट्री के जवानों द्वारा संयुक्त गश्त व फ्लैग मार्च तथा मतदान के लिए किया गया जागरुक।

आगामी लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत इण्डो-नेपाल बॉर्डर पर सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में पुलिस व एसएसबी तथा पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त टीम द्वारा प्रभावित गश्त, चेकिंग व ? फ्लैग मार्च किया गया, पुलिस द्वारा इण्डो-नेपाल बॉर्डर से सटे गांव व नहर के रास्तों से नहर से सटे गांवों में पहुंचकर नागरिकों को लगातार मतदान के लिए जागरूक करते हुए सुरक्षा की भावना विकसित की गई। भारत नेपाल बॉर्डर पर स्थित ग्राम बनगवां, कजरिया, सरियापारा, नझोटा, रतननगर, डांग, दीपनगर, गंगानगर में पुलिस द्वारा भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया गया, तथा पगडंडी, कच्चे रास्ते, नदी घाट के रास्तों पर अबैध रूप से तस्करी करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है लोगों को निर्भीक होकर किसी के प्रभाव में आये बिना स्वतंत्र रूप से मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही साथ मोहाना नदी के जलमार्ग में स्थानीय लोगों के साथ नाव के द्वारा गस्त व भ्रमण कर निगरानी की जा रही है। जनपद लखीमपुर में भारत-नेपाल की सीमा 120 किलोमीटर के परिक्षेत्र में है, जिसके अंतर्गत जनपद के चार थाने गौरीफंटा ,चंदन चौकी, तिकुनियां व संपूर्णानगर आते हैं जिनके द्वारा लगातार सीमा की निगरानी की जा रही है। बॉर्डर की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाए जाने के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा कवच सेल का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत सीमा सुरक्षा के लिए अतिरिक्त 16 कवच आउटपोस्ट बनाए गए हैं। जिन पर उप निरीक्षक रैंक के पुलिस अधिकारी को कवच आउट पोस्ट के प्रभारी के रूप में नियुक्ति की गई है साथ ही साथ सिपाहियों की पोस्टिंग भी की गई है जिनके द्वारा लगातार सीमा पर निगरानी करते हुए अवांछनीय गतिविधियों पर रोक लगाई जा रही है।

- **एसपी द्वारा कवच सेल का गठन कर सीमा सुरक्षा के लिए अतिरिक्त 16 कवच आउटपोस्ट बनाये**

आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत भारत-नेपाल सीमा से सटे कच्चे व पक्के मार्गों पर कुल 23 बैरियर,नाका व चेक पोस्ट का गठन तात्कालिक रूप से किया गया है जिस पर लगातार पुलिस द्वारा निगरानी करते हुए चेकिंग की जा रही है। पुलिस एसएसबी व पैरामिलिट्री फोर्स की संयुक्त गश्त , फ्लैग मार्च व चेकिंग का नेतृत्व क्षेत्राधिकार पलिया यादवेंद्र सिंह द्वारा किया गया। जिनके साथ प्रभारी निरीक्षक गोरीफंटा, अवधेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया मनोज सिंह, प्रभारी निरीक्षक चंदन चौकी, विश्वनाथ यादव, थाना प्रभारी संपूर्णानगर निराला तिवारी तथा एसएसबी के जवान व एरिया डोमिनेशन के लिए आये बीएसएफ की पैरामिलिट्री फोर्स के नायक उप निरीक्षक राकेश यादव व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## लोकसभा चुनाव को लेकर हरपालपुर पुलिस ने कस्बे में किया फ्लैग मार्च

हरपालपुर/हरदोई। चुनाव आयोग ने चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है,जिसको लेकर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट हो गया है। हरपालपुर पुलिस ने रविवार की देर शाम कस्बे में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया है ।लोकसभा चुनाव का आगाज हो चुका है जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरीके से अलर्ट है ।रविवार की देर शाम हरपालपुर के प्रभारी निरीक्षक ने भारी पुलिस बल के साथ कस्बे में फ्लैग मार्च किया है। वहीं सड़क पर व्यापारियों के द्वारा फैलाया गए अतिक्रमण को लेकर कड़ी फटकार लगाई है। अतिक्रमण सड़क पर न फैलाने की हिदायत दी है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया है कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराया जाएगा। अराजक तत्वों के द्वारा माहौल बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## धूमधाम से निकली खाटू श्याम की निशान यात्रा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा रविवार को मैलानी में धूमधाम से निकाली गई। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया ।खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा का विधायक अमन गिरि ने झण्डी दिखाकर रवाना किया। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए। नगर में भाव विभोर होकर लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया। इस दौरान निशान यात्रा में बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी लालायित हो रहे थे ।इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए ।इस मौके पर भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि, पूर्व प्रबन्धक आशीष सिंह, राकेश अरोड़ा, शिवा, राजा भैया आदि मौजूद रहे।

## आज और कल बंद रहेगी फीडर नंबर 4 की बिजली सप्लाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। आज 18 और 19 मार्च को 33/11 केवी गोला टाउन से पोषित 11 केवी फीडर नम्बर 04 के जर्जर तार बदले जाएंगे। एसडीओ प्रथम विनीत वर्मा ने बताया कि 18 और 19 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक फीडर नम्बर 4 पूर्ण रूप से और शिवमन्दिर फीडर( सुरक्षा के दृष्टिगत )पूर्ण रूप से बंद रहेंगे।

## सभी के सामूहिक प्रयास से जनपद को मिला सम्मानः जिलाधिकारी




हरदोई। निर्वाचन आयोग की ओर से जनपद हरदोई के जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को मतदाता सूची प्रबंधन में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। जनपद को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि को आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने जनपद वासियों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि जनपद वासियों की जागरूकता से जेन्डर रेशियो बढ़कर 910 हो गया है। युवा मतदाताओं की संख्या में भी भारी वृद्धि हुई है। जिलाधिकारी ने इस उपलब्धि के लिए अपनी पूरी टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से जनपद को यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने उपस्थित पत्रकार बंधुओ से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के सुझाव लिए। अच्छे मतदान प्रतिशत वाले लेखपालों व ग्राम पंचायत अधिकारियों को सम्मानित करने का सुझाव भी बैठक में रखा गया। इस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक जवाब दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, उपनिदेशक कृषि डॉ नंदकिशोर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण पूर्वाभ्यास



संडीला(हरदोई)। पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिसबल ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया।

चुनाव को देखते हुए पुलिस अधीक्षक केसी गोस्वामी कोतवाली पहुंचे और उन्होंनें पुलिस उपाधीक्षक संडीला एवं हरियावां तथा प्रभारी निरीक्षक सभी चैकी प्रभारियों और पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर उन्हें विस्तार से अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था द्वारा दिए गए दंगा नियंत्रण के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद उन्होंनें पत्रकारों को बताया कि इस पूर्वाभ्यास में पुलिसकर्मियों को नगर में प्रवेश करने के स्थानों चैराहों तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर उन्हें यह निर्देश दिए गए कि वे यदि कोई संवेदनशील स्थिति उत्पन्न होती है तो किस प्रकार पुलिसकर्मी तत्काल पूर्व घोषित स्थानों पर अपी ड्यूटी संभालेंगे ताकि परिस्थितियों को तत्काल नियंत्रण में आ जाए। एक प्रश्न जिसमें चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संबंध में पूछा गया था श्री गोस्वामी ने कहा कि आयोग के निदेर्शानुसार सभी संवेदनशील तथा अतिसंवेदनशील बूथों को चिह्नीकरण कर उनपर पुलिसकर्मियों की आवश्यकतानुसार तैनाती का पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है। संबंधित अधिकारी लगातार इन बूथों का दौरा कर रहे हैं तथा विभिन्न क्षेत्रों के खुराफाती तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है तथा उनपर आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंनें कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए पुलिस पूरी तौर पर मुसतैद है। पुलिस अधीक्षक ने पुलिसबल के साथ नगर का भ्रमण भी किया।

## गृह कलेश से पीड़ित 21 परिवारों का कराया सुलह समझौता

लखीमपुर खीरी। जनपद के महिला थाना पर पुलिस द्वारा पारिवारिक कलह के कारण टूटने के कगार पर पहुंचे 21 परिवारों को जोड़ने का कार्य किया गया। जानकारी के अनुसार प्रभारी महिला थाना जनपद खीरी द्वारा पारिवारिक विवादों




में सुलह समझौते से निपटारा कराया गया है। पारिवारिक कलह के कारण टूटने के कगार पर पहुंचे परिवारों को जोडने का कार्य महिला थाना पुलिस द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में महिला थानाध्यक्ष द्वारा थाने पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों जो की घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, घर में रहने को लेकर विवाद की शिकायतों से सम्बंधित थे परिवारो को विघटन से बचाने के लिए दोनों पक्षों को बुलाकर सुलह समझौता कराया गया है। थाना भीरा क्षेत्र के निवासी अनीता पत्नी रविशंकर, थाना पढुवा निवासी शालिनी पत्नी अरविंद, थाना हैदराबाद निवासी जूली पत्नी पंकज इस तरह लगभग 21 मामलों में सुलह समझौता करवाया गया है। जिन मामलों में अधिक मनमुटाव था उन्हें सोचने समझने का समय दिया गया है। सुलह समझौते में महिला थाना प्रभारी सुनीता कुशवाहा, मुख्य महिला आरक्षी शशी प्रभा, महिला आरक्षी रेनू सिंह, सुमन लता, सीता व रेखा गौड़ का काफी सहयोग रहा है।

# हवन पूजन और पूर्णाहुति के साथ श्री रुद्र महायज्ञ का समापन




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर में हो रही सप्त दिवसीय श्री रूद्र महायज्ञ का हवन, पूजन और पूणार्हुति के साथ समापन हो गया।

यज्ञाचार्य शिवेंद्र मिश्र कात्यायन, लवकुश शास्त्री ने आयोजक देवेंद्र मिश्र, अमित शुक्ला पिंटू, विकास मिश्र, अनिल मिश्र, राजकुमार मिश्र सनिल मिश्र, सुषील कुमार मौर्य, दीपक मिश्र, दिनेश गिरि, शिवम मिश्र, शुभम पांडे आदि से श्री रूद्र महायज्ञ में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूणार्हुतियां डाली ।तमाम श्रद्धालुओं ने यज्ञ की परिक्रमा कर पुण्य लाभ लिया।

वृंदावन के कलाकारों ने संगीतमयी वाद्य यंत्रों पर भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता, गुरु संदीपन के यहां शिक्षा गृहण करने का मंचन किया। गुरु संदीपन ने दूध और पानी की मित्रता का प्रेरक प्रसंग सुनाते हुए श्री रामचरित मानस में भगवान श्रीराम का उदाहरण दिया, कि जिस प्रकार भगवान श्रीराम ने सुग्रीव से मित्रता कर अपने कष्ट को भुलाकर बालि को मारकर सुग्रीव के कष्ट को दूर किया, इस प्रकार मित्रता निभानी चाहिए। मंचन देख दर्शक भाव विभोर हो गए। श्री रूद्र महायज्ञ संरक्षक, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू की पत्नी नीता शुक्ला, पूनम शुक्ला, बलरामपुर यूनिट के वाइस प्रेसीडेंट सुनील सिंह यादव, पूर्व विधायक विनय तिवारी, सुरजनलाल वर्मा, योगेंद्र मिश्र, राजेश कुमार मिश्र, नवी हुसैन, श्रवण कुमार मौर्य, भगवानदीन वर्मा, जगदीश वर्मा, प्रशांत शुक्ल, सुशील सिंह, सौरभ मिश्रा, कैलाश गिरि, ऋषभ मिश्रा, सरोज कुमार मिश्र, जगत वर्मा, रामबाबू शुक्ला, मौरध्वज मौर्य, दिनेश गिरि, रमाकांत अर्कवंशी, आदित्य यादव, संदीप भारद्वाज, संजय मिश्र, फेरू सिंह, जसकरन गौतम, ध्रुव प्रजापति, मोरध्वज सोनवानी, श्यामबिहारी मिश्र, विपिन बिहारी मिश्र, छोटू तिवारी, अर्जुन सिंह, संदीप यादव, जितेन्द्र वर्मा, सर्वेश वर्मा, दिनेश वर्मा, चंद्रभाल प्रजापति,कौशल कुमार शर्मा, ओंमकार मिश्र, अनिल भारद्वाज, दीपक, पिंकल मिश्र, आशुतोश कनौजिया, अवधेश कुमार मिश्र, महावीर शर्मा, अनिल मिश्र, विनोद यादव, हजरत अली, छैलबिहारी शुक्ला, राजाराम अर्कवंशी, प्रेम वर्मा, हर्षित मिश्रा, सीमा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, वंदना शुक्ला, छाया मिश्रा, कविता मिश्रा, सुमन मिश्रा, ममता मिश्रा, गार्गी कटियार, शिवा मिश्रा, नीलम, अवष्ठि, प्रेमलता शुक्ला, प्रीती मिश्रा, रुचि मिश्रा, सरिता तिवारी आदि मौजूद रहे।

## स्वयंसेवकों को दिखाया कोटवारा में मुजफ्फर अली का महल




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में चैथे दिन प्रथम सत्र में छात्र-छात्राओं ने अर्जुन नगर कॉलोनी में मच्छरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए से बचाव के लिए जले हुए मोविओएल का छिड़काव किया और मच्छर के प्रकोप को देखते हुए फुल आस्तीन की कमीज और पहनने के लिए लोगों को प्रेरित किया।

दूसरे सत्र में प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर जंगल की सहायक अध्यापिका रुचि सिंह विशिष्ट अतिथि रही। जिन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राएं 26 जनवरी परेड में किस प्रकार से हिस्सा ले सकते हैं, उसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। फिल्म निर्देशक राजा मुजफ्फर अली के महल का भ्रमण किया गया। वास्तुकला से एवं मुजफ्फर अली को भारतीय फिल्म निमार्ता, फैशन डिजाइनर, कवि, कलाकार, संगीत प्रेमी, पुनरुत्थानवादी और एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जाना जाता है। उनका नाता कोटवारा के शाही मुस्लिम राजपूत परिवार से है। वास्तु कला की अनूठी पहल को देखकर बच्चों ने काफी आनंद लिया। भ्रमण के दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनिल कुमार, ओम प्रकाश यादव, सत्यवती गौतम, मनीष भारती ग्राम भुसौरिया प्रधान प्रतिनिधि संजय कुमार उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर -ट्रॉली से टकराई बाइक, दो घायल

मितौली खीरी। विकास खन्ड मितौली क्षेत्र के लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग के कस्बा भीखमपुर चौराहा नरवा पुलिया के पास गन्ना भरे ट्रैक्टर ट्रॉली से बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। और गन्ना भरे ट्रैक्टर ट्रॉली रोड़ पर पलटने से लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग के दोनों तरफ



वाहनों की लम्बी जाम लग गई ।मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने घायलों को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल भेज दिया। जानकारी अनुसार हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव तकिया निवासी विवेक जायसवाल 30 अपने दोस्त पड़ोस के गांव कचियानी निवासी सोनू 28 के साथ अपनी बाइक से बीमार पिता सुरेश चंद्र लखीमपुर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती हैं उनको खाना देने लखीमपुर जा रहे थे लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग के कस्बा भीखमपुर चौराहा के नरवा पुलिया के पास लखीमपुर तरफ से कुंभी चीनी मिल जा रही गन्ना भरे ट्रैक्टर ट्रॉली की जोरदार टक्कर से दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए। ट्रैक्टर ट्रॉली रोड़ पर पलटने से दोनों तरफ वाहनों की लम्बी जाम लग गई। मौके पर पहुंची मितौली पुलिस ने गंभीर रूप से घायल विवेक व सोनू को प्राइवेट वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। जहां हालत गंभीर बनी हुई है। ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

# प्लास्टिक हटाने, पर्यावरण बचाने के लिए निकाली जागरूकता रैली




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंयसेवकों ने प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जागरूकता रैली के माध्यम से गोला नगर पालिका क्षेत्र की अधिकांश दुकानों पर डूर टू डूर जाकर प्लास्टिक को अपने जीवन से हटाने के लिए तथा प्लास्टिक की थैली में सामान को न देने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर के बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह ने प्लास्टिक को दैनिक जीवन से हटाने के लिए छात्र/छात्राओं को प्रेरित किया। किचन के सामान जैसे अचार और तेल को प्लास्टिक जार में न रखने अपील की। विशिष्ट वक्ता हिन्दी विभाग के शिक्षक राकेश कुमार अग्रहरि ने प्लास्टिक को पर्यावरण के लिए खतरनाक बताया। शिक्षक सुनील गुप्ता जी ने पर्यावरण के लिए प्लास्टिक से बनी वस्तुओं के उपयोग से दूर रहने के लिए और परम्परागत बर्तनों जैसेः मिट्टी आदि को प्रयोग में लाने की बात कही। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवक तथा स्वयं सेविकाओं ने भी प्लास्टिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पर अपने विचारों को रखा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-प्रथम के अधिकारी डॉ. मनोज कुमार सरोज तथा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-द्वितीय के अधिकारी डॉ. अमित कुमार यादव ने किया गया। इस मौके पर भूगोल विभाग के आचार्य डॉ.अरूण कुमार सिंह, स्वयं सेवक व स्वयं सेविकाएं आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस की पिटाई से मौत का आरोप

हरदोई। स्थानीय पुलिस के दो सिपाहियों पर मारपीट के दौरान आई गंभीर चोटों से युवक की मौत होने का आरोप लगाकर परिजनों ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कमला देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह निवासी ग्राम कमलापुर मजरा अरूआ ने मुख्यमंत्री जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायत पत्र देकर बताया कि उसका पुत्र नीरज शारीरिक व मानसिक रूप से कमजोर था तथा दवा के सहारे जीवन यापन करता था। उसके पुत्र पर गांव की ही मीना पत्नी महिपाल ने बीती छः मार्च को थाने में प्रार्थना पत्र दिया था जिसको लेकर स्थानीय थाने के दो सिपाही वंशराज सिंह व अंशुल सिंह पकड़ने आए इस दौरान मारपीट करते हुए उसे थाने ले गए जहां उसे थाने में भी मारा पीटा हालत गंभीर होने पर उसी दिन शाम को छोड़ दिया ।परिजनों ने उसे निजी अस्पताल में इलाज शुरू कराया ।पीड़िता के पुत्र नीरज ने उपरोक्त पुलिस कर्मियों के खिलाफ ऑनलाइन शिकायत भी की,बीती 13 मार्च को की थी इस दौरान बीते गुरुवार को नीरज की मृत्यु हो गई परिजनों की माने तो दोनो पुलिस कर्मियों की पिटाई से उसके पुत्र की मौत हुई है वह पोस्टमार्टम कराना चाहते थे लेकिन स्थानीय पुलिसकर्मियों ने पोस्टमार्टम नहीं कराने दिया जैसे तैसे दफन करा दिया। मृतक की मां कमला देवी अपने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री पुलिस अधीक्षक जिला अधिकारी समेत उच्च अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर दोषी पुलिस कर्मियों व मीना देवी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है ।वही पूरे मामले को लेकर जिलाधिकारी ने मृतक को खुदवा कर पोस्टमार्टम के लिए आदेश दिया।

# जुताई करने से मना किया तो हमला, 3 घायल

पलियाकलां खीरी। खेत में जबरन जुताई कर रहे दबंगों ने जुताई करने से मना करने पर किया हमला, तीन घायल हो गये। हमले में घायल पीड़ित सीताराम। कोतवाली क्षेत्र के गांव श्रीनगर में स्थित एक खेत का मुकदमा एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। उसके बावजूद फैसला बुलंद दबंगों ने खेत में पहुंचकर जुताई शुरू कर दी। पीड़ितों द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में पिता व उसके दो पुत्रों को चोटें आईं हैं। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित सीताराम पुत्र श्री कृष्ण ने कहा है कि उसका एक खेत श्रीनगर गांव में रोड के पास स्थित है। खेत पर एसडीएम कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। आरोप है कि रविवार दोपहर को उसे सूचना मिली कि गांव के दबंग ट्रैक्टर लेकर उसके खेत में पहुंचे हैं और जबरन जुताई कर रहे हैं। सूचना पर वह अपने पुत्रों के साथ मौके पर पहुंचा और सड़क पर खड़े होकर जुताई करने से मना करने लगा। आरोप है कि गुस्से से बौखलाए दबंगों ने उसके साथ उसके बेटों पर हमला कर दिया। दबंगों के हमले से उसकी आंख के पास गम्भीर चोटे आई है जबकि उसके बेटे भी चोटिल हुए हैं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी खेत में ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने जांच के लिए नायब तहसीलदार को भेजा। पीड़ित के अनुसार इस घटना से पहले भी आरोपी उसके बेटे सुरेंद्र पर हमला कर उसे घायल कर चुके हैं जिसका मुकदमा भी कोतवाली में नामजद दर्ज है। पीड़ित ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक दबंगों की दबंगई के दौरान साक्ष्य के रूप में वीडियो भी उसके पास मौजूद हैं। पुलिस ने घायलों को डाक्टरी के लिए सीएचसी भेजा है।-एसडीएम कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन होने के बावजूद हौसले बुलंद कर रहे थे जुताई।

कोतवाली क्षेत्र के गांव श्रीनगर में स्थित एक खेत का मुकदमा एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। उसके बावजूद फैसला बुलंद दबंगों ने खेत में पहुंचकर जुताई शुरू कर दी। पीड़ितों द्वारा विरोध करने पर दबंगों ने हमला कर दिया। हमले में पिता व उसके दो पुत्रों को चोटें आईं हैं। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़ित सीताराम पुत्र श्री कृष्ण ने कहा है कि उसका एक खेत श्रीनगर गांव में रोड के पास स्थित है। खेत पर एसडीएम कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। आरोप है कि रविवार दोपहर को उसे सूचना मिली कि गांव के दबंग ट्रैक्टर लेकर उसके खेत में पहुंचे हैं और जबरन जुताई कर रहे हैं। सूचना पर वह अपने पुत्रों के साथ मौके पर पहुंचा और सड़क पर खड़े होकर जुताई करने से मना करने लगा। आरोप है कि गुस्से से बौखलाए दबंगों ने उसके साथ उसके बेटों पर हमला कर दिया। दबंगों के हमले से उसकी आंख के पास गम्भीर चोटे आई है जबकि उसके बेटे भी चोटिल हुए हैं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर आरोपी खेत में ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गए। मामले की सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने जांच के लिए नायब तहसीलदार को भेजा। पीड़ित के अनुसार इस घटना से पहले भी आरोपी उसके बेटे सुरेंद्र पर हमला कर उसे घायल कर चुके हैं जिसका मुकदमा भी कोतवाली में नामजद दर्ज है। पीड़ित ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के मुताबिक दबंगों की दबंगई के दौरान साक्ष्य के रूप में वीडियो भी उसके पास मौजूद हैं। पुलिस ने घायलों को डाक्टरी के लिए सीएचसी भेजा है।

# नयी सरकार का एजेंडा!

हालांकि विपक्ष इसे चुनाव में 'साइकॉलोजिकल वार' का हिस्सा बतायेगा, लेकिन फिर भी अगर कोई सरकार अपनी वापसी को लेकर इस हद तक आश्वस्त है कि उसकी वापसी तय है। इसलिए नतीजे आने से पहले ही अगले सौ दिन, और अगले पांच साल की कार्ययोजना तैयार करने में लग गयी है, तो इससे न सिर्फ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव पड़ता है बल्कि जनता के बीच भी यह संदेश जाता है कि शायद यह चुनाव बहुत कड़े मुकाबले वाला न हो। इसके कुछ अच्छे पहलू हैं, तो कुछ खराब नतीजे भी हो सकते हैं। मसलन यह कि अगर वर्तमान मंत्री अभी से अगले 100 दिन और अगले पांच साल के लिए अपने मंत्रालय की कार्ययोजना तैयार कर लेंगे, तो चुनाव के बाद जब नयी सरकार बनेगी और मंत्रालयों में नये मंत्री आयेंगे, तो वह पुराने मंत्री की कार्ययोजना से किस हद तक सहमत होंगे, यह देखने वाली बात होगी। हो सकता है कि नया मंत्री पिछले मंत्री की कार्ययोजना के साथ खुद को संतुष्ट या सहज न पाये। लेकिन अच्छी बात यह है कि अगर पहले से ही सरकार की नीतियां, लक्ष्य और निर्णय स्पष्ट होंगे, तो सरकार बनते ही बड़े और निर्णायक फैसलों की शुरूआत हो जायेगी। जल्दी फैसले होंगे तो परिणाम भी जल्दी आयेंगे। राजनीतिक स्तर पर भी इसके कई तरह के परिणाम हो सकते हैं। मसलन पार्टी कार्यकर्ता 'अति उत्साह' में आकर चुनाव के दौरान जनसंपर्क से लेकर मतदाताओं को पार्टी की नीतियां समझाने और उनको बूथ लक लाने में ज्यादा पसीना बहाने के बजाय संभावित जीत का जश्न मनाने की तैयारी में लग जायें। यह स्थिति किसी भी पार्टी के लिए ठीक नहीं होगी। मतदाताओं का उत्साह भी कम हो सकता है क्योंकि अगर उनको पहले से ही पता हो जायेगा कि सरकार जीत रही है, तो फिर उनके दिमाग में यह बात भी आ सकती है कि वोट डालने का झंझट क्यों पाले। जहां तक विपक्ष की बात है, तो चुनाव से पहले ही अगली सरकार की कार्ययोजना बनाने की रणनीति उसको हतोत्साहित जरूर करेगी। अगर उसके दिलोदिमाग में यह बात भर गयी कि सरकार वापस आ रही है, तो इस कमजोर मनःस्थिति में सरकार से लड़ने का उसका हौसला जरूर प्रभावित होगा। बहरहाल चुनावों की घोषणा के एक दिन बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने अपने मंत्रियों को नयी सरकार के अगले 100 दिनों के लिए एक कार्य योजना और अगले पांच वर्षों के लिए रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री अपने मंत्रालय के सचिव से नयी सरकार के गठन के पहले 100 दिन और अगले 5 वर्ष का रोड मैप तैयार करने को कहें। सरकार फिर से सत्ता में आ रही है, इसलिए विकास के काम लगातार जारी रहने चाहिए। सरकार बनने के बाद कैसे पहले 100 दिन एवं 5 साल के एजेंडा का बेहतर इंप्लीमेंटेशन हो, इसका भी रोडमैप/खाका पहले से तैयार होगा, तो विकास के कामों और जनहित की बेहतर तरीके से डिलिवरी होगी। निश्चिय ही प्रधानमंत्री का यह विजन देश को आगे ले जाने के लिए उनके संकल्पों के अनुरूप है। सरकार देश की आर्थिक प्रगति को तेज कर समय सीमा में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियों तक पहुंचना चाहती है। इसमें दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था एक समय सीमा में बनने के साथ ही आजादी की 100वीं वर्षगांठ पर भारत को विकसित देश बनाने का बड़ा सपना भी सरकार देख रही है। इस तरह की महान उपलब्धियों के लिए सरकार को प्रत्येक दिन का अधिक से अधिक उपयोग करना होगा। इसलिए चुनाव से पहले कार्ययोजना बनाने की रणनीति देशहित में जरूर है।



मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में अनेक महान उपलब्धियां हासिल करना चाहती है। इसके लिए पहले से तैयारी सही रणनीति है।

# चुनावी वर्ष में 'सुपर इलेक्शन' का श्रीगणेश

नरेंद्र शर्मा



साल 2024 दुनिया के इतिहास का सबसे बड़ा चुनावी साल है। इस पूरे साल करीब 80 देशों में चुनाव होना है, जिनमें से अब तक 14 देशों में चुनाव हो चुके हैं या बस होने ही वाले हैं। इसी क्रम में इस साल के सबसे बड़े यानी 'सुपर इलेक्शन' का भी श्रीगणेश हो चुका है। जी हां, भारत में होने वाले आम चुनाव इस साल के सुपर इलेक्शन हैं। क्योंकि साल 2024 में दुनिया के जिन करीब ढाई अरब मतदाताओं को अपने अपने देशों की सरकारें चुननी हैं, उनमें 96.80 करोड़ मतदाता अकेले हिंदुस्तान के होंगे। अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, पाकिस्तान, इंडोनेशिया, बांग्लादेश और ताइवान सहित 4 दर्जन से ज्यादा देशों के समूचे मतदाताओं के बराबर अकेले भारत के मतदाता हैं, इसलिए न सिर्फ साल 2024 का सबसे बड़ा चुनावी महाभारत हिंदुस्तान में सम्पन्न होना है बल्कि हिंदुस्तान के आम चुनाव इस साल दुनिया के 'सुपर इलेक्शन' हैं।

वैसे तो किसी भी देश में हमेशा आम चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन भारत में यह अतिरिक्त रूप से इसलिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि समूची दुनिया का लोकतांत्रिक भविष्य भारत में सुचारू तरीके से सम्पन्न होने वाले आम चुनाव पर निर्भर है। भारत के आम चुनाव दुनिया में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण सिर्फ इसलिए नहीं है कि यहां दुनिया के सबसे ज्यादा मतदाता सरकार चुनते हैं बल्कि भारत के चुनाव पूरी दुनिया में इसलिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि भारत ही दुनिया की लोकतांत्रिक काया की आत्मा है। भारत में अगर चुनाव सुचारू रूप से सम्पन्न होते हैं तो दुनिया में भी इनके सुचारू बने रहने की संभावना बरकरार रहती है। यही वजह है कि पूरी दुनिया भारत में 'फ्री एंड फेयर' इलेक्शन की कामना करती है ताकि पूरी दुनिया के लिए भी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की उम्मीद बनी रहे। अगर भारत जैसा बहुलतावादी देश आम चुनावों के जरिये अपने लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत और सत्ता के लिए सतत परिवर्तनशील बनाये रखता है तो पूरी दुनिया में लोकतंत्र के भविष्य के लिए यह बड़ा उदाहरण बनता है। भारत में 18वीं लोकसभा चुने जाने के लिए अगले कुछ हफ्तों में होने वाला यह आम चुनाव, अगर आजादी के 76 सालों में सबसे महत्वपूर्ण चुनाव बनकर उभरा है, तो इसकी कई वजहें हैं। एक तरफ जहां सूचना के इस डिजिटल युग में, एक क्लिक भर से अरबों, खरबों के फैसले होते हों, वहीं इतनी विशाल मतदाता आबादी की भागीदारी वाले देश में अगर सत्ता परिवर्तन चुनावों के जरिये सम्पन्न होता है, तो यह एक विवेकशील समाज की मर्यादा और अनुशासन की पराकाष्ठा है। आजादी के बाद साल 1951-52 में पहली बार आम चुनाव हुए थे और इसके बाद लगातार चुनाव का सिलसिला बरकरार है, सिवाय एक बार 70 के दशक में आपातकाल के चलते एक साल से कुछ ज्यादा समय के लिए चुनाव परंपरा बाधित हुई थी।

> अगर भारत जैसा बहुलतावादी देश आम चुनावों के जरिये अपने लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत और सत्ता के लिए सतत परिवर्तनशील बनाये रखता है तो पूरी दुनिया में लोकतंत्र के भविष्य के लिए यह बड़ा उदाहरण बनता है।

भारत में आजादी के बाद से अगर लगातार लोकतंत्र फला फूला है तो यह सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक बड़ी उम्मीद बना है, क्योंकि भारत जैसे गरीब और विशाल देश में अलग लगातार लोगों की लोकतंत्र पर आस्था बनी रहती है तो दुनिया में भी इसके बने रहने की संभावना बढ़ती है। हर पांच साल बाद होने वाले आम चुनाव में अपने यहां इतनी बड़ी तादाद में नये मतदाता आ जुड़ते हैं कि कई देशों की समूची मतदाता संख्या भी इतनी नहीं होती। अब इस बार के चुनाव को ले लीजिए, पिछले पांच सालों में नये मतदाताओं की संख्या 7 करोड़ से ज्यादा बढ़ी है। पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान जहां भारत में कुल मतदाताओं की संख्या 89.6 करोड़ थी, वहीं 2024 में यह बढ़कर 96.8 करोड़ हो चुकी है। सबसे सकारात्मक बात ये है कि पिछले पांच सालों में पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाताओं की संख्या में ज्यादा इजाफा हुआ है।

> पूरी दुनिया में इस वर्ष 80 देशों में होंगे चुनाव

साल 2019 में जहां कुल पुरुष मतदाता 46.5 करोड़ थे, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 49.7 करोड़ हो चुकी है। इस तरह देखें तो पिछले पांच सालों में 3.2 करोड़ पुरुष मतदाता बढ़े हैं, जबकि इसी दौरान महिला मतदाताओं की संख्या 43.1 करोड़ से बढ़कर 47.1 करोड़ हो चुकी है। इसका साफ मतलब है कि पिछले पांच सालों में महिला मतदाताओं की संख्या में पुरुषों से 80 लाख ज्यादा बढ़ी है। यह बढ़ोत्तरी इस मायने में शानदार उपलब्धि है, क्योंकि इससे पता चलता है कि खतरनाक कगार में पहुंच गये स्त्री-पुरुष रेश्यो में अब सुधार हो रहा है। हालांकि अभी भी देश में कुल पुरुष मतदाताओं के मुकाबले 2.6 करोड़ महिला मतदाता कम हैं। लेकिन पिछले पांच सालों में जो 80 फीसदी महिला मतदाता बढ़ी हैं, उससे साफ पता चलता है कि महिलाएं अब पहले से ज्यादा शिक्षित, जागरूक और अपने भविष्य को लेकर सुव्यवस्थित और सुविचारित हैं। साल 2019 के पांच साल बाद हो रहे इस 18वीं लोकसभा के चुनावों में कई तरह के और महत्वपूर्ण आंकड़े सामने आये हैं। मसलन इस बार 18 से 19 साल के मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ से ऊपर है। वास्तव में नये मतदाता चाहे वो पहली बार वोट डालें या दूसरी बार, कई मायनों में परिणामों के निर्णायक होते हैं। ये ऐसे मतदाता हैं कि अगर इनके दिलोदिमाग में परिवर्तन की कोई चाहत घर कर गई तो ये अपनी मेहनत और लगन से उसे हर हाल में हासिल कर लेते हैं। चूंकि इस बार 18 से 19 साल के बीच वाले मतदाता भी 1,84,81,610 हैं। इसलिए ये भी माना जा सकता है कि ये वो मतदाता हैं जो बिना किसी वैचारिक आग्रह या दबाव के मतदान करते हैं। इनके कारण ऐसी राजनीतिक पार्टी भी जीतकर आ सकती हैं, जिनके बारे में विशेषज्ञ आश्वस्त न हों।

मतदाताओं के अलग अलग इन वर्गों की इस भिन्नता के कारण लोकतंत्र के जीवंत रहने की उम्मीद ज्यादा रहती है। क्योंकि तब विशाल लोकतंत्र को तरह तरह के विचार मिलते हैं। अगर पिछले दो आम चुनाव को देखा जाए तो दोनों ही बार सत्ता में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाला गठबंधन रहा है। भाजपा को 2019 में जहां 303 सीटें और 37.7 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं कांग्रेस को करीब करीब मत जहां भाजपा से आधे हो गए थे, वहीं सीटें तो बहुत कम हो गई थी। कांग्रेस को 2019 में कुल 52 सीटें और 19.7 प्रतिशत वोट मिले थे। इस बार पहले से कहीं ज्यादा कांटे की टक्कर होती लग रही है। हालांकि बीच में एक ऐसा दौर भी आ गया था, जब लगता था कि इस बार के लोकसभा चुनाव महज खानापूर्ति होंगे, क्योंकि दूर दूर तक भाजपा के सामने कोई दूसरी ताकतवर पार्टी ही नहीं थी। लेकिन चुनावों के ऐन पहले जिस तरह से कई जबरदस्त मुद्दे उभरकर सामने आए हैं, उससे लगता है कि मतदान आने तक विपक्षी गठबंधन भी काफी मजबूती से टक्कर देगा। बहरहाल चुनाव में किसी की जीत और किसी की हार तो होगी ही, लेकिन लोकतंत्र के लिए यह जीत ही जीत है, इसलिए आइये इस सुपर इलेक्शन को अपनी अपनी भूमिकाओं से सफल बनाएं।

## सोशल मीडिया

कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी के लिए पूरा लोकतंत्र बाजार है और प्रत्याशी महोदय खरीदार इनके अनुसार मतदाता बिकता है और अपनी हनक व सनक से खरीद सकते हैं। शिवपाल सिंह.



किसी के सुख के समय उसके साथ उठना-बैठना बहुत आसान है, किंतु विपत्ति के समय साथ खड़े रहना, काम आना बहुत कठिन है। जय श्री राम। अरुण गोविल.



दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावी महा पर्व की घोषणा का मैं स्वागत करता हूं। लोक सभा चुनाव में मतदाताओं से बढ़ चढ़कर मतदान की मैं अपील भी करता हूं। चिराग पासवान.



## विचार

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।

-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।

-जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।

-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।

-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।

-संत कबीर.

# आत्मबल का महत्व

अंतर्दृष्टि

आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

# समाज सेवा को आतुर सज्जन!

व्यंग्यलोक

शहर में कई तरह के समाज सेवक घूम रहे हैं। वे अपने-अपने नेता का चरण चूम रहे हैं। समाज सेवा को आतुर ये सज्जन अपने वाहनों पर फ्री सेवा करने का बोर्ड टांगे हुए घूम रहे हैं। गलियों में, सड़कों पर! समाज सेवा के नाम पर फ्री का लंगर और फ्री यात्रा के कामों में लगकर अखंड जागरण कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों में मनोरंजन के लिए नाच-गान, खेलकूद और जादू के शामियाने भी सजा रहे हैं। बड़े-बड़े ढोल नगाड़े कूट रहे हैं। नक्कारखाने में तूती के स्वर फूट रहे हैं। हर किसी के मन में सेवा का कीड़ा कुलबुला रहा है। समाज सेवा, लोक सेवा, जनसेवा, दरिद्र नारायण की सेवा, वृद्ध बुजुर्गों की सेवा, आवारा जानवरों की सेवा, सेवा करने वाले की सेवा जैसे होर्डिंग, पंपलेट, बैनर आदि चारों ओर सजे हुए हैं। हर एक सेवक हाथ जोड़े, कमर दुहराते सेवा करने के लिए जमीन में गड़े जा रहे हैं। कई-कई समाज सेवकों ने पशुओं की सेवा से लेकर भूत प्रेतों की सेवा करने के लिए बड़े-बड़े एनजीओ खोल रखे हैं। ये एनजीओ कमीशन, दलाली, काले को सफेद, सफेद को काला, दूर करो अपना दिवाला जैसे मंत्र बुद-बुदाते राजधानी से लेकर गांव-गलियों तक पसारे पड़े हैं। देश सेवा को बेताब बेचारे एनजीओ को आदिवासी इलाकों से लेकर विदेशों तक हवाई यात्रा करनी पड़ रही है। मोटा माल बटोरने के बाद अपने शानदार आफिस में कागजों के घोड़े दौड़ाने में माहिर एनजीओ सर्वश्रेष्ठ समाजसेवी के रूप में प्रतिष्ठा पाता है। समाज सेवा, देश सेवा का कीड़ा इनमें कुलबुलाता हुआ, इन्हें हर बार मंत्री की सीढ़ी तक पहुंचा देता है। कर्मठ, योग्य, ईमानदार, जनसेवक, जनता के रहनुमा, दलित सेवक, पिछड़ों के दोस्त, गरीबों के मसीहा, आम आदमी के साथी निस्वार्थ जनसेवक डॉ. नागनाथ को वोट दीजिए जैसे पोस्टर दीवारों पर अटे पड़े हैं। नागनाथ की टक्कर में सांपनाथ भी अपनी टोपी लहराते हुए कुर्सी बाजार में उतर गए हैं। होली, दीपावली, नववर्ष, ईद, चौथ माता, अंतरराष्ट्रीय मूर्खता दिवस आदि की बधाइयों के पोस्टर शहर के तमाम सूचना बोर्डों पर चस्पा कर दिए हैं। शहर की दीवारें व गांव की गलियां शुभकामनाओं से लथपथ हो गई है। इस मामले में नागनाथ और सांपनाथ दोनों का बड़ा कंपटीशन है। समाज सेवा का यह खेल पोस्टर वार से यात्रा वार व रोड शो में बदल गया है। निस्वार्थ समाज सेवा का लंबा सा बिल्ला अपने गले में टांगे सांपनाथ और नागनाथ जी कुर्सी साधना करने के लिए अखाड़े बाजी कर रहे हैं। महीनों से हर त्यौहार पर बधाई, शुभकामनाएं देते पोस्टरों पर लाखों खर्च करने वाले इन भावी विधायकों, पार्षदों व पंचों ने जरूरतमंदों की सेवा पर हजारों खर्च करने का दावा किया है। चुनावी रात में इनकी सेवा चरम पर होती है। सावधान आगे खतरनाक समाज सेवक खड़े हैं।



रामविलास जॉंगिड़

# दुनिया में और भी हैं होली जैसे मस्तीभरे पर्व....



पर्व/त्योहार

वैसे तो इनकी संख्या करीब दो दर्जन से भी ज्यादा है, लेकिन धरती के एक छोर से दूसरे छोर तक पांच ऐसे बड़े और लोकप्रिय कलर फेस्टिवल मनाये जाते हैं, जो बिल्कुल होली जैसे हैं। आइये इन पर एक नजर डालते हैं कि भारत के बाहर भी कौन से त्योहार हैं, जिन्हें हम होली के नजदीक पाते हैं।

### होली जैसा मेलन फेस्टिवल

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में यह बिल्कुल होली जैसा मस्तीभरा त्योहार खूब धूमधाम से मनाया जाता है। इसीलिए क्वींसलैंड को ऑस्ट्रेलिया की मेलन कैपिटल भी कहा जाता है। इस त्योहार में स्ट्रीट परेड होती है, जिसमें लोग एक दूसरे पर मेलन यानी तरबूज का गूदा निकालकर मस्ती में फेंकते हैं। लोग तरबूज के जूस को भी निकालकर इसे बोतलों में भर लेते हैं और जैसे होली में एक दूसरे पर रंग डालते हैं, वैसे ही यह जूस डाला जाता है। कई युवा मिलकर एक समूह बनाते हैं और तरबूज के गूदे के ढेर के ऊपर डांस करते हैं और खूब मस्ती करते हैं या कुछ युवा एक घेरा बना लेते हैं और उसके बीच में बारी बारी से अलग अलग युवा अपना डांस परफोर्म दिखाते हैं।

### मड फेस्टिवल द. कोरिया

ऑस्ट्रेलिया के मेलन फेस्टिवल जैसा दक्षिण कोरिया के बोरिओंग शहर में विशेष तौरपर पूरी दुनिया में प्रसिद्ध मड फेस्टिवल मनाया जाता है। गौरतलब है कि एक जमाने में मिनरल्स से भरी बोरियाओंग की मिट्टी को कॉस्मेटिक के रूप में इस्तेमाल करने को बढ़ावा देने के लिए इस फेस्टिवल का आयोजन शुरू हुआ था। लेकिन आज यह दो हफ्तों तक चलने वाला मड फेस्टिवल न सिर्फ दक्षिण कोरियाई युवाओं का पसंदीदा और मस्तीभरा त्योहार है बल्कि इसमें हिस्सा लेने के लिए पूरी दुनिया से युवा पहुंचते हैं। इस फेस्टिवल में भी खूब नाच, गाना, मस्ती और एक दूसरे पर गीली मिट्टी को लेपना, फेंकना जैसी हरकतें होती हैं, ठीक वैसी ही जैसी हरकतें होली में होती है।

### स्पेन का हैरोविन फेस्टिवल

स्पेन का हैरोविन फेस्टिवल भी बिल्कुल होली जैसा है, इसमें युवा आपस में 'वाइन बैटल' से लेकर बुल फाइट्स तक करते हैं और यह फेस्टिवल हर साल 29 जून को पेट्रन सेंट, सेन पैड्रो के दिन मनाया जाता है। इसकी शुरूआत वाइन बैटल से होती है जिसमें किसी पर तब तक शराब डाली जाती, जब तक कि वह पूरी तरह से नहा न जाए और उसके कपड़े इस शराब के असर से पर्पल रंग के न हो जाएं। इस त्योहार में भी लोग एक दूसरे पर वैसे ही शराब डालते हैं जैसे भारत में होली के मौके पर लोग एक दूसरे पर पिचकारियों से रंग डालते हैं।

### थाईलैंड का सोंग करन फेस्टिवल

यह भी बिल्कुल होली की तरह वाटर फेस्टिवल है और इसकी शुरूआत आमतौर पर 13 से 15 अप्रैल के बीच में होती है। थाईलैंड में इस फेस्टिवल के साथ ही थाई न्यू ईयर की शुरूआत हो जाती है। इस फेस्टिवल में भी आमतौर पर युवा खूब मस्ती करते हैं, वे एक दूसरे पर होली के जैसा ही रंगीन पानी फेंकते हैं, डांस करते हैं। इस मस्ती भरे माहौल में युवा अपने जोड़े चुनते हैं और नई जिंदगी की शुरूआत के लिए मिलकर मस्तीभरा वाटर फेस्टिवल मनाते हैं।

### इटली का संतरा फेस्टिवल

उत्तरी इटली के इवेरिया शहर में मनाया जाने वाला ऑरेंज फेस्टिवल भी हिंदुस्तान के होली जैसा ही फेस्टिवल होता है। इसे फूड फाइट भी कहते हैं। इस फेस्टिवल में मस्ती करने के लिए युवा अपने आपको दो अलग अलग टोलियों में बांट लेते हैं और फिर एक दूसरे पर खूब जमकर साबुत संतरों और संतरों के गूदों आदि से हमला करते हैं। इस फेस्टिवल के दौरान युवा खूब खाते पीते और मस्ती करते हैं और जैसा कि ऐसे दूसरे त्योहारों में होता है, यहां भी युवा अपने लिए जोड़े ढूंढ़ते हैं।

जहां तक होली की बात है तो यह त्योहार हिंदू पंचाग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इसे लगातार दो दिन मनाते हैं। पहले दिन होलिका जलायी जाती है और दूसरे दिन जिसे धुरंड्डी, धुलेंडी, धुरखेल या धूलिवंदन कहा जाता है‍ इस दिन लोग एक दूसरे पर रंग, अबीर-गुलाल वगैरह फेंकते हैं। ढोल बजाकर गीत गाये जाते हैं। यह लोकप्रिय पर्व वसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक माना जाता है। वसंत पंचमी से ही फाग और धमार के गाने की शुरूआत हो जाती है। सरसो के पीले फूल धरती को रंग देते हैं। गेहूं की बालियां निकल आती हैं और आम पर बौर फूलने लगते हैं। किसान अपनी लहलहाती फसलों को देखकर खुश होकर गीत गाते हैं। हमारे देश के प्रायः सभी त्योहार फसल और मौसम से जुड़े हुए हैं।

**-राज कुमार दिनकर.**

## आपकी बात

### युवाओं के लिए अवसर

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी ने इतनी आर्थिक तबाही मचायी है कि हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे महामारी ने पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़े।

ऐसे में यह जरूरी है कि जब भी कोरोना का संकट खत्म हो तो रोजगार के लिहाज से जरूरी उद्यमों को आगे बढ़ाया जाये ताकि बेरोजगारी का संकट खत्म हो सके। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं बनिस्पत रोजगार करने के। युवाओं की यह मनःस्थिति जब तक बदलेगी नहीं तब तक यह शायद ही कौशल विकास मिशन का लाभ मिले। सरकार को हर युवक को रोजगार से जोड़ने की पहल करनी चाहिए।

**कृष्ण मोहन शुक्ला, गोण्डा.**

### विकास और रोजगार

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

# भाजपा में संविधान बदलने का साहस नहीं

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सत्तारूढ़ भाजपा पर शोर मचाने का लगाया आरोप

एजेंसी

मुंबई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शोर बहुत मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। राहुल ने यह भी कहा कि सच्चाई और देश की जनता उनके साथ है। भाजपा सांसद अनंतकुमार हेगड़े ने हाल में कहा था कि उनकी पार्टी को संविधान में संशोधन करने के लिए और कांग्रेस द्वारा इसमें जोड़ी गईं अनावश्यक चीजों को हटाने के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी।

इसके बाद भाजपा ने हेगड़े की टिप्पणियों से पैदा हुए विवाद को शांत करने की कवायद में इसे उनका निजी विचार बताया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा था। राहुल गांधी मुंबई में महात्मा गांधी के आवास मणि भवन से अगस्त क्रांति मैदान तक न्याय संकल्प पदयात्रा करने के बाद यहां एक सभा को संबोधित कर रहे थे। अगस्त क्रांति मैदान में ही ब्रिटिश राज से आजादी के लिए भारत के संघर्ष के दौरान 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ था। उन्होंने कहा, भाजपा बहुत शोर मचाती है लेकिन उसमें संविधान को बदलने का साहस नहीं है। सच्चाई और लोगों का समर्थन हमारे साथ है। वायनाड से लोकसभा सदस्य राहुल ने कहा कि मौजूदा लड़ाई केवल भाजपा और कांग्रेस के बीच नहीं बल्कि दो अभिव्यक्तियों के बीच है। उन्होंने कहा, कोई सोचता है कि देश एक केंद्र से चलना चाहिए, जहां एक व्यक्ति के पास सारा ज्ञान है। इसके विपरीत, हम सोचते हैं कि शक्ति का विकेंद्रीकरण होना चाहिए और लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए। राहुल ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति के पास आईआईटी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान) की डिग्री है तो इसका यह मतलब नहीं है कि उसके पास किसी किसान के मुकाबले ज्यादा ज्ञान है। लेकिन भाजपा इस तरह काम नहीं करती है।




पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच है कि सिर्फ एक व्यक्ति के पास ज्ञान है। किसान, मजदूर और बेरोजगार युवाओं को कोई ज्ञान नहीं है। शनिवार को कांग्रेस सांसद ने मध्य मुंबई में डॉ. भीमराव आंबेडकर के स्मारक चैत्यभूमि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करके और संविधान की प्रस्तावना पढ़कर अपनी 63 दिवसीय भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समापन किया। यह यात्रा 14 जनवरी को संघर्षग्रस्त मणिपुर से शुरू हुई थी।

# भारतीय नौसेना ने सोमालिया के 35 जलदस्युओं को आत्मसमर्पण करने के लिए किया मजबूर

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना ने भारतीय तट से 1,400 समुद्री मील दूर एक व्यापारी जहाज को बंधक बनाने वाले 35 जलदस्यु को आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर कर दिया और चालक दल के 17 सदस्यों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

नौसेना ने अपने पी-8आई समुद्री गश्ती विमान, फ्रंटलाइन जहाज आईएनएस कोलकाता और आईएनएस सुभद्रा और मानव रहित हवाई यान को तैनात किया। अभियान के लिए सी-17 विमान से विशिष्ट मार्कोस कमांडो को उतारा गया। इससे पहले, नौसेना ने सोमालिया के पूर्वी तट पर जहाजों के अपहरण के सोमालियाई समुद्री डाकुओं के एक प्रयास को विफल कर दिया था। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि समुद्री डाकू रुएन नामक एक मालवाहक जहाज पर सवार थे जिसका करीब तीन महीने पहले अपहरण किया गया था। नौसेना के प्रवक्ता विवेक मधवाल ने कहा, आईएनएस कोलकाता ने पिछले 40 घंटों में ठोस कार्वाई करके सभी 35 जलदस्यु को सफलतापूर्वक घेर लिया और आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया तथा बंधक बनाए गए जहाज से चालक दल के 17 सदस्यों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित की। नौसेना ने बताया कि एमवी रुएन का सोमालियाई जलदस्युओं ने 14 दिसंबर को अपहरण कर लिया था। पहले के बयान में नौसेना ने बताया था कि जहाज से भारतीय युद्धपोत पर गोलीबारी की गई और भारतीय जहाज की ओर से आत्म रक्षा में और नौवहन तथा नाविकों को जलदस्युओं के खतरे से बचाने के लिए आवश्यक न्यूतनम बल के साथ समुद्री डकैती से निपटने के वास्ते अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार कार्वाई की गई।




संक्षेप

## पश्चिम बंगाल में 7 चरणों में चुनाव

नयी दिल्ली। राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने से यह बात साबित होती है कि निर्वाचन आयोग सरकार का एक अंग है। सिब्बल ने हाल ही में दो निर्वाचन आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू की नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया गया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) को भी उस समिति का सदस्य होना चाहिए जो नियुक्तियों के नामों की सिफारिश करती है। जहां तक सात चरणों (देश में लोकसभा चुनाव) का सवाल है, इसकी उम्मीद थी। सिब्बल ने आरोप लगाया, वास्तव में जिस तरह से उन्होंने इन दोनों निर्वाचन आयुक्तों को इस तथ्य के बावजूद नियुक्त किया कि संविधान पीठ के फैसले में कहा गया है कि सीजेआई को भी समिति का सदस्य होना चाहिए।

## कांग्रेस विधायक भंडारी भाजपा में शामिल

नयी दिल्ली। उत्तराखंड में कांग्रेस के विधायक राजेंद्र सिंह भंडारी रविवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गये। इसे लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के लिए एक झटका माना जा रहा है। तीन बार के कांग्रेस विधायक एवं पूर्व मंत्री भंडारी केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम सहित अपने वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी भी मौजूद थे। बलूनी उत्तराखंड की गढ़वाल सीट से अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। राजेंद्र भंडारी उत्तराखंड विधानसभा में बद्रीनाथ सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। हिमाचल प्रदेशः हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस और भाजपा का काफी कुछ दांव पर है।

## अधिकारी बताकर वसूली करने वाले दो भाई गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा के ढेंकानाल जिले में अपने आप को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का अधिकारी बताने तथा सरकारी अधिकारियों से वसूली करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शनिवार को ढेंकानाल शहर में तारिणीसेन मोहपात्र (30) और ब्रह्मशंकर मोहपात्र (27) को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों भाइयों ने काफी पैसा उधार लिया था और वे उसे चुका नहीं पा रहे थे इसलिए उन्होंने सरकारी कर्मचारियों से ठगी करने की साजिश रची। उन्होंने अपने आप को ईडी भुवनेश्वर का अतिरिक्त निदेशक बताते हुए फोन पर राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों के करीब 300 अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि आरोपी कुछ अधिकारियों से वसूली करने में कामयाब रहे और कुल मिलाकर 16 लाख रुपये से अधिक के भुगतान का पता चला है। उन्होंने बताया कि वे फोनपे और गूगलपे के जरिए भुगतान लेते थे और अधिकारियों को सभी आरोपों से मुक्त करते हुए उन्हें फर्जी पत्र जारी करते थे।

# एमवीए में सीट बंटवारे की अंतिम दौर की बातचीत खत्म

एजेंसी

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को कहा कि महाविकास आघाडी (एमवीए) के नेताओं ने सीट बंटवारे पर अंतिम दौर की चर्चा कर ली है और जल्द ही फॉर्मूले की घोषणा की जाएगी।

राउत ने यहां पत्रकारों से कहा कि एमवीए के घटक दलों - शिवसेना (यूबीटी), राकांपा (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस - ने शनिवार को महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए अपनी अंतिम बैठक की। बैठक में कांग्रेस नेता अशोक गहलोत और के.सी. वेणुगोपाल तथा राकांपा (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार भी शामिल हुए। उन्होंने कहा, हमने सीट बंटवारे से संबंधित छोटी-छोटी बारीकियों को सुलझा लिया है।

एमवीए वंचित बहुजन अघाड़ी प्रमुख प्रकाश आंबेडकर के साथ बातचीत कर रही है और चार सीटों की पेशकश पर उनकी प्रतिक्रिया का इंतजार कर रही है। राउत ने कहा, जब संविधान खतरे में है तो सभी को अपने मतभेद भुलाकर एक साथ आना चाहिए। हमने उन्हें (आंबेडकर) चार सीटों का प्रस्ताव दिया है और उनके जवाब का इंतजार कर रहे हैं, जिसके बाद हम अपना सीट-बंटवारे का फॉर्मूला जारी करेंगे।

# कांग्रेस की हालत खराब : चौहान

कांग्रेस की हालत इतनी खराब है कि सोनिया गांधी को भी राज्यसभा के रास्ते संसद जाना पड़ाः चौहान

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि कांग्रेस की हालत इतनी बुरी हो गई है कि सोनिया गांधी जैसी नेता तक को संसद पहुंचने के लिए लोकसभा चुनाव लड़ने के बजाय पिछले दरवाजे राज्यसभा का सहारा लेना पड़ रहा है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि राहुल गांधी की निर्णय लेने की क्षमता भ्रम से भरी है और कांग्रेस को लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे। विदिशा से लोकसभा चुनाव लड़ रहे चौहान ने कहा, राहुल गांधी एक ऐसे कप्तान हैं, जो नहीं जानते कि क्या करना है और कब करना है। जब उन्हें चुनाव की तैयारी



करनी चाहिए, तब वह यात्रा पर निकल जाते हैं, और जब उन्हें यात्रा पर

सोनिया गांधी को भी राज्यसभा के रास्ते संसद जाना पड़ा

निकलना चाहिये, तब वह विदेश चले जाते हैं। फिर हार के बाद वह ईवीएम को लेकर शोर मचाएंगे। चौहान ने कहा, कांग्रेस के विचारशील नेता पार्टी की खराब हालत देखकर इसे छोड़ रहे हैं। एक के बाद एक चुनाव हारने के बाद हालात इतने खराब हैं कि सोनिया गांधी ने भी चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया और राज्यसभा के जरिए पिछले दरवाजे से एंट्री ले ली। अब कोई कल्पना कर सकता है कि उस पार्टी का क्या होगा, जिसके सर्वोच्च नेता का आत्मविश्वास डगमगा गया है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद कांग्रेस 50 चुनाव हारी है, यहां तक कि 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी भी अमेठी से हार गए। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस में उम्मीदवारों की कमी है। मैडम (सोनिया गांधी) को चुनाव न लड़ते देख, सभी शीर्ष नेता पीछे हट गए हैं। कांग्रेस एक डूबता हुआ जहाज है. राहुल गांधी जहां भी जाते हैं, न केवल अपनी पार्टी को नुकसान पहुंचाते हैं,

# केरल ने न्यायालय से नागरिकता संशोधन पर रोक लगाने का किया अनुरोध

एजेंसी

नयी दिल्ली। केरल ने नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दायर की है और दलील दी कि ये नियम भेदभावपूर्व, मनमाने और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।

केंद्र ने संसद द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 को पारित करने के करीब चार साल बाद गत 11 मार्च को कानून के नियमों की अधिसूचना जारी करने के साथ इसके कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त कर दिया था। इसके तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत आए गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारत की नागरिकता दी जाएगी। केरल सरकार ने सीएए नियमों को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि धर्म और देश के आधार पर वर्गीकरण भेदभावपूर्ण, मनमाना, अतार्किक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांतों का उल्लंघन है।

उच्चतम न्यायालय नागरिकता संशोधन कानून, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया था।

# लोस चुनाव में सीयूईटी- स्नातक परीक्षा में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूइटी-यूजी) पूर्व घोषित कार्यक्रम 15 मई से 31 मई 2024 के बीच होगी और लोकसभा चुनाव की तारीखों की वजह से इसमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। यह घोषणा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार ने रविवार को की। उन्होंने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परीक्षा के लिए समय-सारिणी जारी की जाएगी।



यूजीसी प्रमुख ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि आगामी लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर परीक्षा की तारीखों में बदलाव किया जा सकता है। निर्वाचन आयोग ने शनिवार को घोषणा की कि 543 लोकसभा सीट के लिए सात चरणों में मतदान होगा, जिसकी शुरुआत 19 अप्रैल को पहले चरण की 102 सीट पर मतदान से होगी। मतों की गिनती चार जून को होगी। कुमार ने बताया, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने जैसा पहले घोषित किया था उसी के अनुसार 15 मई से 31 मई, 2024 के बीच सीयूईटी-यूजी का आयोजन करेगी।

इस अवधि में, दो तारीखें 20 और 25 मई चुनाव की तारीखों के साथ पड़ेंगी। उन्होंने बताया, आवेदन भरने की अंतिम तिथि 26 मार्च, 2024 है। इसके बाद हमें सीयूईटी-यूजी के लिए पंजीकृत छात्रों की संख्या और उनके भौगोलिक वितरण का पता चल पाएगा। कुमार ने कहा, इन आंकड़ों और चुनाव की तारीखों के आधार पर एनटीए, सीयूईटी-यूजी के लिए समयसारिणी की घोषणा करेगी। लेकिन तारीखें नहीं बदलेंगी।

## ट्रक घाटी में गिरा एक की मौत, 13 जख्मी

पणजी। दक्षिण गोवा जिले में एक ट्रक के घाटी में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा पांच बच्चों समेत 13 लोग जख्मी हो गए। वहां से गुजर रहे मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने भी पीड़ितों की मदद की। पुलिस ने रविवार को बताया कि हादसा शनिवार रात को क्यूपेम नगर में हुआ। सावंत और समाज कल्याण मंत्री सुभाष पी. देसाई चुनाव प्रचार के बाद इसी मार्ग से गुजर रहे थे और उन्होंने अपनी कारों से उतरकर पीड़ितों की मदद की। पेशे से आयुर्वेदिक चिकित्सक सावंत ने पीड़ितों की नब्ज़ जांची जबकि देसाई घाटी में उतरे और उन्होंने दुर्घटनाग्रस्त वाहन से पीड़ितों को निकालने में मदद की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया और वह घाटी में जा गिरा।

# समुदाय के मुद्दों पर जरांगे से मिले : चव्हाण

एजेंसी

छत्रपति संभाजीनगर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और राज्यसभा सदस्य अशोक चव्हाण ने रविवार को जालना जिले के अंतरवाली सारथी गांव में मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि यह मुलाकात समुदाय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए थी। चव्हाण शनिवार देर रात जरांगे से मिलने पहुंचे रात एक बजे तक उनकी बातचीत होती रही।

उन्होंने कहा कि बातचीत का लोकसभा चुनाव से कोई लेना-देना नहीं है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, मैं उनसे (जरांगे) पहले तब मिला था जब मैं उद्धव ठाकरे के साथ आया था (तब चव्हाण कांग्रेस के साथ



थे)। हमने समुदाय से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। उनकी मांगें हैं जिसका समाधान समन्वय से होगा। मुझे नहीं पता कि आदर्श आचार संहिता के कारण प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी या नहीं। बैठक के बाद पत्रकारों से जरांगे ने कहा कि उन्होंने चव्हाण से पूछा था कि क्या वह सरकारी प्रतिनिधि या समुदाय के सदस्य के रूप में आए हैं। उन्होंने कहा कि वह एक समुदाय के सदस्य के रूप में आए थे। मैंने उन्हें ज्ञ षि सोयारे की मांग के बारे में बताया। ज्ञ षि सोयारे परिवार के रिश्तेदारों के लिए मराठी शब्द है। जरांगे ने विवाह के जरिये मराठा परिवार से जुड़े लोगों को भी आरक्षण का लाभ देने की मांग की है।

जरांगे ने दावा किया, आरक्षण की मांग को लेकर आंदोलन करने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज होने की संख्या वापस लेने के बजाय बढ़ गई है। मैंने उनसे (चव्हाण) कहा कि राज्य के गृह मंत्री समुदाय को बेवकूफ बना रहे हैं। जरांगे ने कहा कि 24 मार्च को मराठा समुदाय की बैठक होगी और इसमें आगामी रणनीति पर चर्चा की जाएगी। बीड में पुलिस ने कथित भड़काऊ भाषण देने के मामले में शनिवार को जरांगे के खिलाफ नौवां आपराधिक मामला दर्ज किया।

## पेज एक का शेष

### अपराधी

कदम है। इस बीच, प्रवक्ताओं ने कहा कि शनिवार को जम्मू में ऑपरेशन क्लीनअप के तहत मादक पदार्थों के खिलाफ छापेमारी के दौरान 75 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। प्रवक्ता ने कहा कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की सहायता से पुलिस ने राजीव नगर और धड़प-सतवारी में छापे मारे और एक कुख्यात मादक पदार्थ तस्कर के घर से 95,950 रुपये बरामद किए।

### जल, वायु और

इंजीनियर द्वारा जांच की जाती है। सार्वजनिक क्षेत्र के ये उपक्रम इन दोनों उपकरणों का निर्माण करते हैं। दोषपूर्ण मशीनें मरम्मत या प्रतिस्थापन के लिए निर्माताओं को वापस कर दी जाती हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में दोनों मशीन की जांच के लिए एक मॉक पोल भी आयोजित किया जाता है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को सत्रों के लिए बुलाया जाता है, जहां वे सर्वोत्तम मानकों को साझा करते हैं और चुनाव प्रबंधन, मतदाता जागरूकता और कदाचार को रोकने में एक-दूसरे के अनुभव से सीखते हैं। चुनाव प्रबंधन का एक प्रमुख घटक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और ट्रेन, नौका और हेलीकॉप्टर द्वारा उनकी आवाजाही है। योजना को पुख्ता करने के लिए निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते हैं। सुरक्षा और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक प्रवास और स्वच्छ भोजन के लिए भी जमीनी स्तर पर योजना बनाने की आवश्यकता होती है।

### आंध्र प्रदेश में

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए में हम सबको साथ लेकर चलते हैं, लेकिन दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी का एक ही एजेंडा है 'गठबंधन के लोगों को इस्तेमाल करो और फेंक दो।' उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस ने भले ही गठबंधन बना लिया हो, लेकिन उनकी सोच वही है।

रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि देश कह रहा है कि अबकी बार 400 पार । उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हमारे सहयोगी लगातार बढ़ रहे हैं। एनडीए की ताकत बढ़ रही है। चंद्रबाबू नायडू और पवन कल्याण लंबे समय से आपके अधिकारों और आंध्र प्रदेश के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए का लक्ष्य विकसित भारत के लिए विकसित आंध्र प्रदेश का निर्माण करना है।

आंध्र प्रदेश में पिछले 10 वर्षों में एनडीए यह पहली संयुक्त रैली है। आंध्र प्रदेश में 13 मई को एक चरण में लोकसभा और सभी विधानसभा सीटों के लिए चुनाव होंगे। मोदी ने पलनाडु जिले के बोप्पुडी गांव में राजग की चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजग का लक्ष्य विकसित भारत , विकसित आंध्र प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष के दौरान देश में 25 करोड़ लोगों को गरीबी के दायरे से बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में डबल इंजन वाली राजग सरकार राज्य का त्वरित विकास सुनिश्चित करेगी। मोदी ने कहा कि पूरी दुनिया में राजग नीत सरकार के विकास कार्यों की चर्चा हो रही है।

### एनआईए ने

की धारा 25 के तहत कुर्क की गई संपत्तियां आरोपी मोहम्मद इमरान खान, मोहम्मद यूनुस साकी, मोहम्मद शाहनवाज आलम, मोहम्मद रिजवान अली, कादिर दस्तगीर पठान, सिमाब काजी, जुल्फिकार अली बड़ौदावाला, अब्दुल्ला फैयाज शेख, तल्हा लियाकत खान, शमिल नाचन और आकिफ नाचन से जुड़े मकान या फ्लैट हैं। प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन के नेटवर्क को नष्ट करने और भारत के हितों की रक्षा करने के अपने प्रयासों के तहत, एनआईए ने हाल के महीनों में विभिन्न राज्यों में कई आईएसआईएस मॉड्यूल पर कार्वाई की है। प्रवक्ता ने कहा कि आईएसआईएस की साजिश और गतिविधियों की जांच जारी है।

### लड्डू होली

मंदिर रिसीवर ने भी ऐसी किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए एसडीएम को अपनी सहमति दी। इससे पहले एसडीएम ने कस्बे की चुनिंदा दुकानों से ही लड्डू लाने की अपील भी श्रद्धालुओं से की थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि बरसाना को छह जोन, 15 सेक्टरों में बांटकर चप्पे-चप्पे पर पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ता, अग्निशमन दस्ता, श्वान दस्ता व सादी वर्दी में खुफिया पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। इतना ही नहीं 78 स्थानों पर अवरोधक लगाकर सभी वाहनों को 45 पार्किंग स्थलों पर खड़ा कराया जा रहा है। मेला क्षेत्र में 150 सीसीटीवी और सात वॉच टावर स्थापित कर पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की व्यवस्था की गयी है। मेले की सुरक्षा के लिए छह अधीक्षक, 15 उपाधीक्षक, 60 निरीक्षक, 300 उप निरीक्षक, 500 होमगार्ड, 36 महिला उप निरीक्षक, 150 महिला आरक्षी, चार यातायात निरीक्षक, 50 यातायात उपनिरीक्षक, 150 यातायात आरक्षी, पांच कंपनी पीएसी, 10 गुंडा दमन दल, चार दमकलें, छह घुड़सवार, और अलग-अलग जगह पर सादे कपड़ों में पुलिस के जवान व सामाजिक संगठनों की टीमें लगाई गई हैं।

श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के आंगन में रंगारंग होली व लठामार होली का आयोजन 20 मार्च को केशव वाटिका में किया जाएगा।

### बंगाल में

हर महीने 50,900 रुपये मिलेंगे। उन्होंने बताया कि कैबिनेट मंत्रियों का मासिक वेतन 11,000 रुपये से बढ़ाकर 51,000 रुपये किया जाएगा।

### सोशल मीडिया

आधार को मजबूत करे। चुनावी विश्लेषक और समीक्षक अमिताभ तिवारी ने कहा, जिस भी राजनीतिक दल के अधिक व्हाट्सऐप समूह हैं, वह मतदाताओं से तेजी से और बेहतर तरीके से संवाद कर सकता है। इससे उन्हें तेजी से अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने और मतदाताओं को प्रभावित करने में मदद मिलती है। तिवारी के अनुसार, एक समय सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए सबसे पसंदीदा मंच रहा फेसबुक अब राजनीतिक पेज पर विज्ञापनों संबंधी कई पाबंदियों के कारण राजनीतिक दलों को पसंद नहीं रहा है। उन्होंने कहा, पार्टियां ऐसे सोशल मीडिया मंच को चुनती है जो उन्हें बगैर ज्यादा पाबंदियों के और बड़े उपयोगकर्ता आधार के साथ तेजी से जनता से जोड़ने में मदद करते हैं। इंस्टाग्राम और ट्विटर (अब एक्स) जैसे कई अन्य मंच हैं जो जनता के एक खास वर्ग की आवश्यकताओं को पूरी करते हैं और उनके अलग-अलग प्रारूप हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान मीडिया विज्ञापनों (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक, बल्क एसएमएस, केबल वेबसाइट, टीवी चैनल आदि) पर 325 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जबकि कांग्रेस ने 356 करोड़ रुपये खर्च किए। पॉलिटिक एडवाइजर के संस्थापक और आम आदमी पार्टी (आप) के आईटी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रमुख अंकित लाल ने बताया कि कोविड-19 महामारी के बाद सूचना के एक माध्यम के रूप में सोशल मीडिया के प्रति दृष्टिकोण में काफी बदलाव आया है। उन्होंने कहा, कई राजनीतिक दल मतदाताओं से जुड़ने के लिए अपने चुनाव प्रचार अभियान में पहले डिजिटल माध्यम को चुनते हैं क्योंकि मतदाता सूचना पाने के लिए काफी हद तक सोशल मीडिया पर निर्भर हैं। सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स एक और महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं जिनके जरिए पार्टियां उन लोगों का प्रभावित करने की कोशिश करती हैं जो वोट नहीं करते लेकिन धारणा बनाने में भूमिका निभाते हैं। पिछले कुछ महीनों में कई नेता युवा दर्शकों से जुड़ने के लिए मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर्स (सोशल मीडिया पर लोगों पर प्रभाव डालने वाले लोग) के यूट्यूब चैनलों पर दिखायी दिए हैं। एस. जयशंकर, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल और राजीव चंद्रशेखर जैसे भाजपा नेताओं ने पॉडकास्टर रणवीर इलाहाबादिया को साक्षात्कार दिए हैं जिनके यूट्यूब पर 70 लाख से अधिक फॉलोअर हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी यात्रा और भोजन के वीडियो पॉडकास्ट कर्ली टेल्स की संस्थापक कामिया जानी से भोजन पर बातचीत की थी। चुनावी नतीजों पर सोशल मीडिया प्रचार की महत्ता बताते हुए लाल ने कहा, औसतन दो लाख की आबादी वाले किसी विधानसभा क्षेत्र में 40 फीसदी तक इंटरनेट पहुंच के साथ डिजिटल माध्यमों के जरिए 75,000 से 80,000 लोगों को प्रभावित करना संभव है। किसी भी विधानसभा चुनाव में 5,000 वोटों का अंतर भी किसी भी जीत-हार का अच्छा अंतर होता है। इस बीच, राजनीतिक दलों द्वारा सोशल मीडिया पर प्रचार को विनियमित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एसवाई कुरैशी ने कहा कि निर्वाचन आयोग को प्रौद्योगिकी कंपनियों से चुनावी निकाय के नियमों का उल्लंघन करने वाले पोस्ट हटाने के लिए उनके तंत्र को मजबूत करने पर बात करनी चाहिए।

# हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में काफी कुछ दांव पर

शिमला। हिमाचल प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस और विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दोनों के लिए हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र में काफी कुछ दांव पर है, क्योंकि जिन छह विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने जा रहे हैं उनमें से चार सीट इसी संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आती हैं। विधानसभा की ये छह सीट कांग्रेस के बागी विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के बाद खाली हो गई थीं। लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा की इन सीट पर उपचुनाव होंगे। छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य ठहराए जाने के साथ, 68 सदस्यीय विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष सहित पार्टी के सदस्यों की संख्या 40 से घटकर 34 हो गई है। विधानसभा में 25 सदस्यों वाली भाजपा को तीन निर्दलीय विधायकों का समर्थन हासिल है। खाली हुई ये छह सीट सरकार गिरा सकती हैं या बना सकती हैं क्योंकि सदन में बहुमत के लिए 35 विधायकों की जरूरत है। उपचुनावों के लिए उम्मीदवारों का चयन भाजपा के लिए कठिन चुनौती है क्योंकि 2022 के विधानसभा चुनाव में इन सभी बागियों ने भाजपा उम्मीदवारों को हरा दिया था। वहीं, इन सीट पर कांग्रेस को नए उम्मीदवारों की तलाश करनी होगी। पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने रविवार को कहा, इन छह विधायकों को राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करने के कारण अयोग्य ठहराया गया था। टिकट देते समय इस तथ्य को ध्यान में रखा जाएगा। हालांकि, इस संबंध में अंतिम फैसला शीर्ष नेतृत्व द्वारा लिया जाएगा। एक जून को जिन छह विधानसभा सीट पर मतदान होने जा रहा है, उनमें से चार का प्रतिनिधित्व कांग्रेस के बागी राजिंदर राणा (सुजानपुर), इंदर दत्त लखनपाल (बड़सर), चैतन्य शर्मा (गगरेट) और देविंदर कुमार भुट्टो (कुटलेहर) कर रहे थे। ये सभी सीट हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में आती हैं। दो सीटें क्रमशः कांगड़ा और मंडी लोकसभा सीट के अंतर्गत आती हैं। इनमें कांगड़ा के अंतर्गत धर्मशाला विधानसभा सीट पर सुधीर शर्मा तथा मंडी के तहत लाहौल और स्पीति विधानसभा सीट पर रवि ठाकुर ने जीत हासिल की थी।

# पुतिन और छह साल शासन करने को तैयार

## उन्होंने चुनाव से पहले युद्धक्षेत्र में रूस की सफलता का दावा किया

एजेंसी



मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रविवार को एकतरफा राट्रपति चुनाव संपन्न होने के बाद और छह साल तक शासन करने के लिए तैयार है। पुतिन का सत्ता पर करीब 25 साल से कब्जा है। आलोचकों के मुताबिक रूस के चुनाव में मतदाताओं को निरंकुश शासक के खिलाफ कोई वास्तविक विकल्प नहीं दिया गया। रूस में तीन दिवसीय राष्ट्रपति चुनाव शुक्रवार को बेहद नियंत्रित माहौल में शुरू हुआ, जहां पुतिन या यूक्रेन के साथ युद्ध को लेकर उनकी सार्वजनिक आलोचना की अनुमति नहीं थी।

पुतिन के सबसे कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी एलेक्सी नवलनी की पिछले महीने आर्कटिक जेल में मौत हो गई और अन्य आलोचक या तो जेल में हैं या निर्वासन में हैं। पुतिन (71) को क्रेमलिन-अनुकूल पार्टियों के तीन प्रतीकात्मक प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना पड़ रहा है, जिन्होंने उनके 24 साल के शासन या दो साल पहले यूक्रेन पर उनके आक्रमण की किसी भी आलोचना से परहेज किया है। उन्होंने चुनाव से पहले युद्धक्षेत्र में रूस की सफलता का दावा किया, लेकिन रविवार तड़के पूरे रूस में बड़े पैमाने पर यूक्रेनी ड्रोन हमले ने मॉस्को के सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिला दी। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रात भर में 35 यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराने का दावा किया, जिनमें से चार रूस की राजधानी मॉस्को के पास मार गिराए गए। मॉस्को के महापौर सर्गेई सोबयानिन ने कहा कि कोई हताहत या क्षति नहीं हुई है। रूस की अर्थव्यवस्था पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद बढ़ रही है। रूस के रक्षा उद्योग ने एक प्रमुख विकास इंजन के रूप में काम किया है, जो मिसाइल, टैंक और गोला-बारूद को तैयार करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहा है। रूस के बिखरे हुए विपक्ष ने पुतिन या युद्ध से नाखुश लोगों से रविवार को दोपहर में मतदान में आकर अपना विरोध व्यक्त करने का आग्रह किया है। इस कार्वाई का नवलनी ने अपनी मृत्यु से कुछ समय पहले ही समर्थन किया था। नवलनी के सहयोगियों ने रूस के विभिन्न शहरों में मतदान केंद्रों के पास भीड़ की तस्वीरें और वीडियो जारी करते हुए अपनी रणनीति को सफल बताया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं हुआ कि क्या मतदान केंद्रों पर कतार में खड़े मतदाता नवलनी के सहयोगियों के आह्वान पर आए हैं या यह जबर्दस्त मतदान को प्रतिबिंबित करता है, जो आमतौर पर दोपहर के आसपास चरम पर होता है।

मतदान विशाल देश के 11 समय क्षेत्रों में, यूक्रेन के अवैध रूप से कब्जे वाले क्षेत्रों में मतदान केंद्रों पर और ऑनलाइन हो रहा है। रविवार की सुबह तक 60 प्रतिशत से अधिक पात्र मतदाताओं ने मतदान कर दिया था। कड़े सुरक्षा इंतजाम के बावजूद, मतदान केंद्रों पर तोड़फोड के कई मामले सामने आए। सेंट पीटर्सबर्ग में एक महिला को मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर बम फेंकने के बाद गिरफ्तार किया गया था, और देश भर में मतपेटियों में हरा एंटीसेप्टिक या स्याही फेंकने के मामलों में कई अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुतिन की अध्यक्षता वाले रूसी सुरक्षा परिषद के उप प्रमुख दिमित्री मेदवदेव ने मतदान केंद्रों पर तोड़फोड़ करने वालों के लिए सजा को सख्त करने का आह्वान किया।

# भारत, सेशेल्स का 10 दिवसीय युद्धाभ्यास आज से



नयी दिल्ली। भारतीय सेना हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रमकता के खिलाफ आम चिंताओं की पृष्ठभूमि में साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए सेशेल्स के एक सैन्य अड्डे में द्वीपीय राष्ट्र के सैनिकों के साथ 10 दिवसीय व्यापक युद्धाभ्यास करेगी। भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच कौशल, अनुभव और अनुरूप अभ्यासों के आदान-प्रदान के अलावा द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का निर्माण भी करेगा और उन्हें प्रोत्साहन देगा। सेशेल्स हिंद महासागर क्षेत्र में लगभग 115 द्वीपों का एक रणनीतिक रूप से स्थित द्वीपसमूह है और भारत देश के साथ रक्षा सहयोग को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। भारतीय सेना की 45 कर्मियों वाली एक टुकड़ी लामितिये अभ्यास में भाग लेने के लिये रविवार को सेशेल्स रवाना हुई।

संक्षेप

## हूती विद्रोहियों ने किया जहाज पर हमला

दुबई। अदन की खाड़ी में यमन के हूती बागियों ने रविवार तड़के एक जहाज को निशाना बनाकर कथित रूप से हमला किया। हूती लड़ाके लाल सागर की ओर जाने वाले अहम जलमार्ग पर जहाजों को निशाना बना रहे हैं। ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स केंद्र ने हमले को लेकर बताया कि यह अदन के अपतटीय क्षेत्र में हुआ है। अदन दक्षिणी यमन का बंदरगाह शहर है जहां देश की निर्वासित सरकार है। हूती लड़ाकों ने इसी इलाके पर बार-बार ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं जिससे अदन की खाड़ी से ईंधन और अन्य मालवाहक जाहजों की आवाजाही बाधित हुई है। इन बागियों ने हमले की तत्काल जिम्मेदारी नहीं ली है। वहीं, अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने कहा कि उसने हूतियों को निशाना बनाकर कई हमले किए हैं। मध्य कमान ने कहा कि उसने शनिवार को यमन में हूती के नियंत्रण वाले क्षेत्र में पांच ड्रोन नौका और एक ड्रोन को तबाह कर दिया। यह नष्ट की जाने वाली ड्रोन नौकाओं की अधिक संख्या है जो असामान्य है। अमेरिकी सेना ने लाल सागर के ऊपर हूती का एक ड्रोन मार गिराया जबकि माना जा रहा है कि दूसरा ड्रोन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। मध्य कमान ने कहा, आसपास के जहाजों से नुकसान होने या किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है।

# चुनावी बॉण्ड से भाजपा को मिले 6,986.5 करोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। अब रद्द हो चुके चुनावी बॉण्ड के शीर्ष खरीदार फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज ने इसके माध्यम से तमिलनाडु की सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक को 509 करोड़ रुपयों का दान दिया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से रविवार को यह जानकारी सामने आई। भाजपा को 2018 में चुनावी बॉण्ड योजना के लागू होने के बाद से इनके (बॉण्ड के) माध्यम से सबसे अधिक 6,986.5 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई, इसके बाद पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (1,397 करोड़ रुपये), कांग्रेस (1,334 करोड़ रुपये) और बीआरएस (1,322 करोड़ रुपये) का स्थान रहा। आंकड़ों के मुताबिक, ओडिशा की सत्तारूढ़ पार्टी बीजद को 944.5 करोड़ रुपये मिले। इसके बाद द्रमुक ने 656.5 करोड़ रुपये और आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआर कांग्रेस ने लगभग 442.8 करोड़ रुपये के बॉण्ड भुनाए। जद (एस) को 89.75 करोड़ रुपये के बॉण्ड मिले, जिसमें चुनावी बॉण्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार मेघा इंजीनियरिंग से 50 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। लॉटरी किंग सेंटियागो मार्टिन का फ्यूचर गेमिंग 1,368 करोड़ रुपयों के साथ चुनावी बॉण्ड का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसमें से लगभग 37 प्रतिशत द्रमुक को गया। द्रमुक के अन्य प्रमुख दानदाताओं में मेघा इंजीनियरिंग 105 करोड़ रुपये, इंडिया सीमेंट्स 14 करोड़ रुपये और सन टीवी 100 करोड़ रुपये शामिल हैं। तृणमूल कांग्रेस को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से 1,397 करोड़ रुपये मिले और वह भाजपा के बाद दूसरी सबसे बड़ी प्राप्तकर्ता है। द्रमुक दानदाताओं की पहचान का खुलासा करने वाले कुछ राजनीतिक दलों में से एक है, जबकि भाजपा, कांग्रेस, तृणमूल और आप जैसे प्रमुख दलों ने निर्वाचन आयोग को इन विवरणों का खुलासा नहीं किया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर निर्वाचन आयोग ने चुनावी बॉण्ड से जुड़ी जानकारी अब सार्वजनिक कर दी है। तेदेपा ने 181.35 करोड़ रुपये, शिवसेना ने 60.4 करोड़ रुपये, राजद ने 56 करोड़ रुपये, समाजवादी पार्टी ने चुनावी बॉण्ड के जरिए 14.05 करोड़ रुपये प्राप्त किए।




# संदेशखालि मामले में राज्यपाल ने समिति की गठित

एजेंसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने संदेशखालि में शाहजहां द्वारा कथित तौर पर ग्रामीणों की अवैध रूप से कब्जाई गई और मछली फार्म में तब्दील कर दी गई जमीनों का अध्ययन करने और उनके उपयोग के तरीके सुझाने के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की है। राजभवन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस विषय के विशेषज्ञों ने पीटीआई-भाषा को बताया है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां शेख द्वारा कथित तौर पर छीनी गई और अब मूल मालिकों को लौटाई गई कृषि भूमि की ऊपरी मिट्टी मछली पालन के लिए खारे पानी की निकासी के कारण कृषि के लिए अनुपयुक्त हो गई है। विशेषज्ञों ने कहा कि जमीन को फिर से खेती के वास्ते अनुकूल बनाने के लिये मिट्टी की ऊपरी परत हटाने की जरूरत है। उन्होंने यह भी राय दी कि कृषि के बजाय, खेती की इन जमीनों पर मछली पालन एक आर्थिक रूप से व्यवहार्य विकल्प होगा।

नयी दिल्ली की अपनी हालिया यात्रा के दौरान बोस भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) गए थे और इस मामले पर विशेषज्ञों के साथ चर्चा की। अधिकारी ने कहा कि इसके बाद उन्होंने मुद्दे का अध्ययन करने और संदेशखालि में भूमि उपयोग के तरीके सुझाने के लिए एक समिति का गठन किया जिसमें कृषि, सहकारी और किसान कल्याण विभाग के पूर्व सचिव एसके पटनायक और एक एफएओ विशेषज्ञ शामिल हैं।

# वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी में दो की मौत, पांच घायल

एजेंसी



वाशिंगटन। वाशिंगटन डीसी में रविवार तड़के हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग के कार्यकारी सहायक प्रमुख जेफरी कैरोल ने मौके पर पहुंचकर मीडिया को जानकारी दी कि अधिकारियों ने सुबह तीन बजे के आसपास सातवें और पी स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट से जुड़े चौराहे के पास गोलीबारी की सूचना दी। कैरोल ने कहा सात लोगों को एक ही स्थान पर गोली मार दी गई और जीवित बचे पांच घायलों को स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कैरोल ने गोलीबारी के बारे में जानकारी जुटाने में जनता से सहायता मांगी।

# द. नाइजीरिया में समुदायों में झड़प, 16 सैनिकों की मौत

एजेंसी

अबुजा। दक्षिणी नाइजीरिया में दो समुदायों के बीच झड़प के दौरान स्थिति संभालने पहुंचे चार अधिकारियों सहित कम से कम 16 सैनिकों की मौत हो गई। रक्षा अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मुख्यालय के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल तुकुर गुसाउ ने एक बयान में बताया कि यह हमला बृहस्पतिवार को बोमाडी परिषद क्षेत्र में उस समय हुआ जब शांति बनाए रखने के लिए तैनात सैनिकों को समुदाय के कुछ युवाओं ने घेर लिया और मार डाला। गुसाउ ने बताया कि इस हमले में कमांडिंग ऑफिसर, दो मेजर, एक कैप्टन और 12 सैनिकों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और इसकी जांच सेना कर रही है।

स्थानीय मीडिया ने बताया कि यह झड़प ओकुआमा और ओकोलोबा समुदायों के बीच लंबे समय से जारी भूमि विवाद के कारण हुई। इस विवाद के कारण एक व्यक्ति का अपहरण कर लिया गया था और सैनिकों ने उसे छुड़ाने के लिए बातचीत करने की असफल कोशिश की थी।

# भाजपा के निशाने पर अलग-अलग भाषा बोलने वाले

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को कहा कि उनका मानना है कि नागरिकता (संशोधन) अधिनियम केवल एक शुरूआत है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भविष्य में प्रत्येक राज्य में अलग-अलग भाषाएं बोलने वाले लोगों को निशाना बनाने के लिए कानून लाएगी। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा के इंडिया शाइनिंग अभियान का उल्लेख करते हुए स्टालिन ने कहा कि उस समय के सर्वेक्षणों में भी भाजपा के पक्ष में लहर का अनुमान जताया गया था। चेन्नई के अंग्रेजी दैनिक डीटी नेक्स्ट (17 मार्च) के साथ एक साक्षात्कार में जब



मुख्यमंत्री स्टालिन से हिंदी पट्टी में विपक्षी गठबंधन इंडिया की चुनावी संभावनाओं के बारे में पूछा गया, तो इस पर उन्होंने कहा, हालांकि, चुनाव नतीजे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के पक्ष में रहे और अगले 10 साल तक उसकी सरकार रही। 2024 के चुनाव के नतीजे 2004 को दोहराएंगे। इतिहास खुद को दोहराएगा। केंद्र द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत नियमों को अधिसूचित किये जाने के बारे में पूछे जाने पर स्टालिन ने कहा कि सीएए भाजपा की विभाजनकारी राजनीति का एक हिस्सा है और यह अभी केवल अल्पसंख्यकों के खिलाफ प्रतीत हो सकता है, लेकिन भविष्य में, भाजपा प्रत्येक राज्य में अलग-अलग भाषा बोलने वाले लोगों को निशाना बनाते हुए नए कानून लाएगी। सीएए केवल इसकी शुरुआत है।

इंटरटेनमेंट...

# करीना, कृति और तबु की 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** करीना कपूर, तबु और कृति सेनन स्टारर 'क्रू' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। इस कॉमेडी फिल्म की कहानी कोहिनूर एयरलाइन्स में काम करने वाले तीन एयर होस्टेस के इर्द-गिर्द बुनी गई है। 29 मार्च को थिएटर्स में रिलीज होने जा रही इस फिल्म में करीना, तबु और कृति के अलावा दिलजीत दोसांझ, कपिल शर्मा और राजेश शर्मा भी अहम रोल में नजर आएंगे। इस फिल्म में कृति और दिलजीत दूसरी बार साथ नजर आ रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 2019 में रिलीज हुई फिल्म 'अर्जुन पटियाला' में साथ काम किया था। फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि करीना, तबु और कृति कोहिनूर एयरलाइन्स में काम करती हैं जो दिवालिया हो चुकी है। तीनों अपनी सैलरी क्रेडिट होने का इंतजार कर रही हैं। इसी बीच फ्लाइट में एक बुजुर्ग यात्री की मौत हो जाती है। उस यात्री के पास तीनों को सोने के बिस्किट्स मिलते हैं।




# सरकार ने बैन किए 18 ओटीटी प्लेटफार्म्स

**मुंबई।** 18 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर अश्लील कंटेंट दिखाने के चलते बैन लगा दिया गया है। सरकार के इस कदम के साथ ही एक बार फिर से ओटीट पर स्ट्रीम किए जाने वाले कंटेंट को लेकर बहस छिड़ गई है। इस खबर में हम आपको बताएंगे कि ओटीटी पर पोर्न कंटेंट का जाल किस तरह फैला। इसका सोसाइटी पर कैसा असर पड़ता है और साथ ही बताएंगे कि ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की मॉनिटरिंग कैसे की जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2024 तक तकरीबन 45 करोड़ ओटीटी सब्सक्राइबर्स हैं। इस वक्त देश में कुल 57 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स हैं जिनमें डिज्नी+हॉटस्टार भारत का टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म है। इसका 41% मार्केट पर कब्जा है। हालांकि इन 57 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के अलावा देश में कई छोटे ओटीटी प्लेटफॉर्म भी मौजूद हैं। यह प्लेटफॉर्म क्या दिखाते हैं यह तभी सुर्खियों में आता है।



# केजीएफ यश की फिल्म में आईं करीना कपूर



**मुंबई।** केजीएफ फेम यश स्टारर फिल्म 'टॉक्सिक' सुर्खियों में बनी हुई है। ये फिल्म अगले साल अप्रैल में रिलीज की जाएगी। ऐसे में अब इस फिल्म के बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। 'टॉक्सिक' में यश के अपोजिट करीना कपूर नजर आएंगी। इस बात की कंफर्मेशन खुद करीना कपूर ने दी है। करीना कपूर ने हाल ही में जूम संग बातचीत की। उन्होंने बताया कि वो एक बड़े बजट की साउथ फिल्म में नजर आने वाली हैं। ये एक पैन इंडिया फिल्म होगी। करीना कपूर ने बातचीत के दौरान कहा- अभी, जैसा कि मैंने कहा कि मैं साउथ की एक बड़ी मूवी करने वाली हूं। चूंकि ये पैन इंडिया मूवी होगी, तो मुझे खुद नहीं मालूम कि इसकी शूटिंग कहां होगी।

# दो दिन में 'योद्धा' ने कमाये 10.26 करोड़

मुंबई। सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म 'योद्धा' की कमाई में दूसरे दिन 41.41% की ग्रोथ हुई। जहां शुक्रवार को इस फिल्म ने 4 करोड़ 25 लाख रुपए कमाए थे, वहीं शनिवार को इसने 6.01 करोड़ का बिजनेस किया। इसके साथ ही फिल्म ने दो दिन में 10 करोड़ 26 लाख रुपए की कमाई कर ली है।

दूसरी तरफ 'योद्धा' के साथ रिलीज हुई अदा शर्मा स्टारर 'बस्तर' के कलेक्शन में भी दूसरे दिन 65% की ग्रोथ देखने को मिली। इंडस्ट्री ट्रैकर के मुताबिक शुक्रवार को फिल्म ने 40 लाख रुपए का बिजनेस किया। वहीं शनिवार को इसने 65 लाख रुपए कमाए। दो दिनों में फिल्म ने 1 करोड़ 15 लाख रुपए की कमाई कर ली है।

फिल्म की ऑक्यूपेंसी 12.58% रही। 'शैतान' ने अपने दूसरे शनिवार को 9 करोड़ 12 लाख रुपए का बिजनेस किया। इस तरह अपने दूसरे हफ्ते में चल रही इस फिल्म ने शनिवार को रिलीज हुई दो नई फिल्मों से भी ज्यादा कमाई की। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने अब तक 95 करोड़ 84 लाख रुपए कमा लिए हैं। वहीं 'शैतान' के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो शनिवार तक इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड तकरीबन 138 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com